दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 72 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 01 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ऐतिहासिक घोषणा, 24 जिलों में किसानों को दिन में मिलेगी बिजली

### प्रदेश के दोसा और करौली जिले में भी किसानों को दिन में दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध कराने की घोषणा, प्रदेश के लाखों किसान परिवारों के चेहरे खिल उठे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद कई सालों तक खेती की है और किसान परिवार से ताल्लुक भी रखते हैं इसीलिए किसान की पीड़ा और दुख दर्द को दिल से महसूस करते हैं यही वजह रही कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में खेती और किस के कल्याण और विकास के लिए प्रदेश सरकार ने कई बड़ी योजनाएं और कई बड़े निर्णय लिए जिनका सीधा फायदा किसान और उनके परिवारों को मिल रहा है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसान की एक पीड़ा को और दूर करते हुए प्रदेश के 24 जिलों में दिन में बिजली देने की घोषणा कर दी है जिसमें प्रदेश के दोसा और करौली जिले में भी दिन में दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध करवाने की घोषणा की है। यह घोषणा खुद मुख्यमंत्री ने अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट से की है वैसे प्रदेश में कई जिलों में पहले से ही दिन में बिजली किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही है इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संशोधित बजट वर्ष 2024 -25 के तहत घोषणा की थी कि प्रदेश के सभी जिलों में वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाएंगे। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में दिन में बिजली उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है जिसमें कई जिलों में दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है और इस क्रम को आगे लगातार जारी रखते हुए वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाएंगे। जानकारी के अनुसार फिलहाल प्रदेश के 22 जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति की जा रही है अब जयपुर विद्युत वितरण निगम के दोसा और करौली जिले भी इससे जुड़ने जा रहे हैं फिलहाल



जयपुर डिस्कॉम के 7 जिले धौलपुर, बूंदी, कोटा, झालावाड़, जयपुर, डीग और भरतपुर के किसानों को सिंचाई के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध हो रही है इसी तरह अजमेर डिस्कॉम के 12 जिले अजमेर ब्यावर भीलवाड़ा डीडवाना कुचामन उदयपुर सलेमपुर राजसमंद बांसवाड़ा झुंझुनू सीकर चित्तौड़गढ़ और डूंगरपुर तथा जोधपुर डिस्काउंटके तीन जिले जालौर सिरोही और पाली में कृषक को दिन के दो ब्लॉक में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। जानकारी के अनुसार विगत समय में जयपुर डिस्कॉम में दोसा और करौली जिलों में विद्युत तंत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया दोसा जिले में 33 केवी के 18 और करौली जिले में 33 केवी के 6 नए ग्रेड सब स्टेशन स्थापित किए गए इसके अलावा दोसा में 33 केवी47 सब स्टेशन पर ट्रांसफार्मर में 128.95 एमबीए की क्षमता वृद्धि की गई द्य इसी तरह से करौली में 33 केवी 15 सब स्टेशनों पर 49.45 एमबीए की क्षमता बढ़ाई गई दोनों जिलों में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के 17 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा चुके हैं जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दोसा और करौली जिले में कृषक को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने की घोषणा से 87801 कृषि उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा दोसा जिले में 52460 तथा करौली जिले में 35341 कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली आपूर्ति उपलब्ध होगी। कड़ाके की सर्दी और बारिश में रात्रि के समय सिंचाई करने की मजबूरी नहीं रहेगी जंगली जानवरों का खतरा नहीं होगा और रात्रि में वह अपने परिवार के साथ समय बिता सकेंगे बताया गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह कदम सिर्फ बिजली सप्लाई का सुधार नहीं बल्कि किसानों की सुरक्षा का सुरक्षा कवच है रात के अंधेरे में पैंथर जैसे जंगली जानवरों के हमले और कड़ाके की सर्दी में होने वाले हादसों से अब अन्नदाता सुरक्षित रहेगा सरकार का निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2027 तक राजस्थान के हर जिले को चरणबद्ध तरीके से दिन में बिजली उपलब्ध करवाने का संकल्प है ।

### पिछले सवा दो साल में भजनलाल शर्मा हमेशा किसानों के लिए समर्पित नजर आए

इसमें कोई संदेह नहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने अब तक के कार्यकाल में किसान और खेती के विकास और कल्याण में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी । पिछले सवा दो साल में किसान और खेती के विकास और कल्याण के लिए कई बड़े निर्णय और कई योजनाएं शुरू की गई जिनका किस फायदा उठा रहे हैं चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में राजस्थान सरकार की ओर से अपने स्तर पर बढ़ोतरी करने का विषय हो या फिर किसान क्रेडिट कार्ड, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण देने का विषय हो । सरकार पूरी तरह से किसानों के लिए समर्पित नजर आई इतना ही नहीं प्राकृतिक आपदाओं में किसानों को समय पर आर्थिक मुआवजा मिले इसके लिए भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को समय पर सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि सरकार सही समय पर किसानों को आर्थिक मुआवजा देकर उनकी तकलीफ को कम कर सके इसके अलावा किसानों को बीज खाद इत्यादि आसानी से मिले इसके लिए भी सरकार के अच्छे प्रबंध रहे तथा कृषि उत्पादकों का किसानों को सही मूल्य मिले इसके लिए भी सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। बताया गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह अच्छी तरह से जानते हैं कि अगर किसान को पानी और बिजली समुचित मात्रा में सही समय पर मिले तो फिर किसान का भी भला होगा और प्रदेश का विकास भी तेजी से होगा इसीलिए भजनलाल शर्मा ने अब तक के कार्यकाल में पानी और बिजली के विषय पर सबसे ज्यादा कार्य किया ताकि प्रदेश के सभी जिलों के किसानों को खेती के लिए समुचित पानी और बिजली मिले ।

## आंगनवाड़ी में बच्चों के संग खेलते खेलते उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को बचपन की यादें हुई ताजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह हर किसी से बहुत ही सरल सहज और आत्मीय भाव से मुलाकात करती हैं। दिया कुमारी जब बच्चों से मिलती है तो बिल्कुल बच्चों की तरह बच्चों से बातें करती हैं और उन्हें प्यार करती हैं जब युवाओं से मुलाकात करती हैं तो उनसे भी बहुत ही सहज मुलाकात करके उनकी समस्याएं सुनकर उन्हें दूर करने का प्रयास करती हैं और जब किसी बुजुर्ग व्यक्ति से मिलती हैं तो बिल्कुल उनका पूरा सम्मान करती हैं यानी हर आयु वर्ग के लोगों के साथ दिया कुमारी ठीक उसी तरह से पेश आती हैं जैसा सामने वाला शख्स हो। इसलिए दिया कुमारी से बातचीत करने के लिए हर आयु वर्ग के लोग काफी उत्सुक और बेताब रहते हैं लेकिन इन सबके बीच दिया कुमारी का एक अलग ही अनोखा अंदाज मंगलवार को सांभर झील स्थित श्री पीएम दरबार राजकीय सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित आंगनबाड़ी चलो कार्यक्रम में देखने को मिला। जब दिया कुमारी वहां मौजूद बच्चों के प्रवेश और विदाई समारोह में बच्चों के रंग में रंग गई और उन्होंने काफी देर तक बच्चों के साथ पल बिताए । उनके साथ खेल भी और उन्हें खूब प्यार और दुलार भी किया। दिया कुमारी के इस अंदाज और हाव-भाव को देखकर वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी भी काफी चकित रह गए । जयपुर जैसे प्रतिष्ठित राजघराने से जुड़े रहने के बावजूद दिया कुमारी का इतना सरल और सहज व्यवहार और बच्चों के प्रति इतना स्नेह भाव देखकर कार्यक्रम में मौजूद हर कोई दंग रह गया। मंगलवार को प्रदेश के जयपुर जिले में सांभर झील स्थित पीएम दरबार राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आओ आंगनबाड़ी चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में दिया कुमारी ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी उपस्थिति दिखाई और वहां मौजूद छोटे-छोटे बच्चों साथ उन्होंने अपना काफी समय बिताया। इस दौरान एक बच्चे के जन्मदिन पर मौके पर केक काटने का आयोजन भी किया गया । दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में आए नए बच्चों का स्वागत किया तथा नए बच्चों को पोर्टफोलियो किट बोतल खिलौने इत्यादि वितरित किए इसके अलावा जिन बच्चों ने आंगनबाड़ी केंद्र में 6 साल पूरे कर लिए थे उन्हें दिया कुमारी ने अपने हाथों से सर्टिफिकेट दिए और आंगनवाड़ी केंद्र से उनकी विदाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य और अच्छा नागरिक बनने की शुभकामनाएं प्रेषित की दिया कुमारी ने कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र में भामाशाह की ओर से निर्मित की गई पानी के प्याऊ का उद्घाटन भी किया।



### दिया कुमारी की मेहनत और नवाचार से प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्र नए कलेवर और अंदाज में दिखने लगे

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के हाथों में प्रदेश के महिला और बाल कल्याण विकास विभाग की जिम्मेदारी भी है । इस विभाग की जिम्मेदारी को दिया कुमारी ने अब तक बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाया है पिछले सवा दो साल में महिला और बाल विकास के कल्याण और भलाई के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कई बड़े फैसले लिए और कई तरह के नवाचार भी किए हैं जिसमें प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रो की स्थिति में भी काफी अच्छा सुधार हुआ है। पिछले सवा दो साल में प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्र में मरमट रंग रोगन के कार्य करवाए गए हैं तथा जिन आंगनबाड़ी केंद्र की बिल्डिंग काफी जर्जर हो गई थी उन्हें ध्वस्त करके उनकी जगह नई बिल्डिंग बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं । इन आंगनवाड़ी केंटो में सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं पानी बिजली शौचालय साफ सफाई इत्यादि सभी की व्यवस्थाएं लगातार मजबूत की जा रही है। हालांकि यह तो नहीं कर सकते कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से आधारभूत सुविधाओं से युक्त हो गए हैं लेकिन इतना जरूर कहना पड़ेगा कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में कई आंगनबाड़ी केदो की स्थिति में क्रांतिकारी सुधार हुआ है और जिस तरह से दिया कुमारी इन आंगनवाड़ी केदो को विकसित आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है उसे देखते हुए ऐसा दिख रहा है कि आने वाले दो-तीन साल में प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र एक अलग अंदाज में नजर आएंगे 7

## प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा टीम के सदस्यों का ऐलान, 48 महिला नेताओं को मिली जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष राखी राठौर ने प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारिणी के सदस्यों का ऐलान कर दिया गया है। राखी राठौर ने अपनी टीम में 48 महिला नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी है जिसमें आठ उपाध्यक्ष तीन महामंत्री और आठ मंत्री बनाए गए हैं महिला मोर्चा की इस नई टीम की घोषणा के बाद अब प्रदेश में महिला मोर्चा पूरी तरह से एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा पद पर राखी राठौर की नियुक्ति होने के बाद से ही महिला मोर्चा की नई टीम के सदस्यों के चयन की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर संपादित हो रही थी । अब जाकर बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा की नई टीम का ऐलान हुआ जिसमें अलग-अलग नेताओं को अलग-अलग पदों की जिम्मेदारी देकर महिला मोर्चा के संगठन को गति और संबल देने की जिम्मेदारी देने के अलावा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और महिला मोर्चा से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने प्रक्रिया पर महिला मोर्चा काम करने के लिए आतुर दिख रही है । महिला मोर्चा की नई टीम में बाकायदा मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी इत्यादि सभी पदों पर महिला



नेताओं को जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि राजस्थान बीजेपी के विभिन्न मोर्चा और प्रकाष्टों के अध्यक्ष पद पर तो नियुक्ति दे दी गई लेकिन सभी मोर्चे और प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया इसलिए नए अध्यक्ष ठीक तरह से अपने काम को गति नहीं दे पा रहे थे जिसमें प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा भी शामिल है। राखी राठौर की मोर्चे के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति तो हो गई थी लेकिन राठौर अपनी टीम की घोषणा नहीं कर पाई थी इसलिए प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में यही चर्चा हो रही थी कि कोई ना कोई कारण है जिसकी वजह से प्रदेश भाजपा में मोर्चे और प्रकोष्ठों की नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पा रहा है। इसमें यह चर्चा भी हो रही थी कि कहीं ना कहीं कार्यकारिणी में सदस्यों की नियुक्ति को लेकर आम सहमति नहीं बन पा रही इसलिए नियुक्ति नहीं हो पा रही लेकिन अब जिस तरह से राखी राठौर ने अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया है तो ऐसा लग रहा है कि प्रदेश भाजपा के अन्य मोर्चे और प्रकोष्ठों की टीम की घोषणा भी अब जल्दी ही होने वाली है। फिलहाल प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष राखी राठौर प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता पद पर भी रह चुके हैं और काफी कर्मठ और सक्रिय नेता मानी जाती है। जयपुर नगर निगम में भी राखी राठौर ने कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं की इसके अलावा राखी राठौर प्रखर वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त है जो टीवी न्यूज़ डिबेट में अक्सर पार्टी का बहुत ही शानदार तरीके से विभिन्न विषयों पर अपना पक्ष रखते हुए नजर आए हैं । इसलिए अब यह माना जा रहा है कि उन्होंने जिस तरह से 48 महिला नेताओं की नियुक्ति की है उसके माध्यम से आने वाले दिनों में राजस्थान में महिला मोर्चा दमदार तरीके से उपस्थिति दिखाने के लिए तत्पर नजर आ रहा है राखी राठौर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया था कि प्रदेश में प्रदेश भाजपा से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ना और मोर्चे के संगठन को जबरदस्त तरीके से मजबूती प्रदान करना तथा प्रदेश में मतदान स्थल स्तर तक महिला मोर्चा की उपस्थिति दिखाने की तैयारी में पूरी रणनीति के साथ किया जाएगा ।

## समान नागरिक संहिता प्रत्येक राज्य में लागू हो, राजस्थान में भी हमने सरकार को पत्र लिखा हैः मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि समान नागरिक संहिता पूरे देश में लागू होनी चाहिए कई राज्यों ने इसे लागू की कर दिया है गुजरात में भी पिछले दिनों इस कानून को लागू कर दिया गया और हमने राजस्थान सरकार को भी राजस्थान में यह कानून लागू करने के लिए पत्र लिखा है । राठौड ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए लेकिन कांग्रेस और कुछ राजनीतिक दलों को अब अपना वोट बैंक खिसकने का डर सता रहा है इसलिए इस कानून का विरोध करते हैं उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में भी सबको समान हक दिए जाने का प्रावधान है और यह कानून उसी के परिपेक्ष में बनाया गया है पत्रकारों के एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत के दिन अब खत्म हो गए हैं गहलोत को अब खुद आगे बढ़कर युवाओं को मौका देना चाहिए उन्होंने कहा कि राजनीति में उम्र नहीं बल्कि चेतना मतलब रखती है। उन्होंने कहा कांग्रेस हाई कमान ने अशोक गहलोत को खूब मौके दिए गहलोत को जहां-जहां राज्यों का प्रभार दिया गया वहां-वहां कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा अब गहलोत का असर पूरी तरह से खत्म हो चुका है उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत जब कांग्रेस पार्टी में पावर में थे तब उन्होंने अपने पुत्र को राजनीति में स्थापित करने के लिए पूरे प्रयास किया एक बार नहीं दो बार कांग्रेस पार्टी के अन्य दावेदारों का हक मार कर अपने बेटे को लोकसभा का चुनाव लड़वाया लेकिन दोनों ही बार उनका बेटा चुनाव हार गया । इतना ही नहीं गहलोत में अपने पावर का इस्तेमाल करके अपने बेटे को राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनवा दिया यह सब प्रदेश और देश की जनता जानती है। इसलिए गहलोत को मंत्री पुत्रों के बेटों के बारे में बयान देने से पहले अपने गिरेबान में भी झांक कर तो देखें एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि आगामी दोनों में हो रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सभी जगह पर अच्छी सफलता मिलेगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ष 2014 से लेकर अब तक भारत में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है उसी का परिणाम है कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी मजबूत अर्थव्यवस्था बन गई है और बहुत जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने वाला है मदन राठौड़ ने कहा कि नरेंद्र मोदी भाई करिश्माई नेता हैं उन्होंने पहले गुजरात को भारत का ही नहीं बल्कि विश्व का मॉडल स्टेट बनाया और अब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं यह हम सब का सौभाग्य है कि मोदी हमारे देश के प्रधानमंत्री और नेता है उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में मोदी की वजह से ही भारत का सम्मान और गौरव बड़ा है और हर जगह भारत की बात को स्वीकार किया जाता है एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि खाड़ी युद्ध की वजह से गैस तेल संकट का यह संकट भारत का ही नहीं बल्कि वैश्विक संकट बना हुआ है। लेकिन इसके बावजूद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपाय और कम से देश में कहीं पर भी गैस और तेल का संकट नजर नहीं आ रहा सब कुछ पहले की तरह सामान्य चल रहा है लेकिन इस वैश्विक संकट में भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल राजनीति करके लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

CAMBRIDGE SR. SEC. SCHOOL

Admission Open 2026-27




प्रवेश सत्र 2026-27 से

विद्यालय परिवार की तरफ से विशेष योजना का शुभारंभ

25 प्रतिशत निःशुल्क (RTE) के अलावा 25 प्रतिशत और अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को ट्यूशन फीस फ्री करने का लिया निर्णय

C-586,587, 588, 589, 4C SCHEME NEW LOHA MANDI ROAD, JAIPUR

7230022801, 9983322224

## इस बार महात्मा ज्योतिराव फुले दर्शन संस्थान महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयन्ती मनायेगा "नशामुक्ति संकल्प दिवस के रूप में"

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महात्मा ज्योतिराव फुले दर्शन संस्थान अलवर द्वारा मंगलवार को सांय 5 बजे कार्यकारिणी की आवश्यक मीटिंग ज्योतिराव फुले सर्किल पर आयोजित की गई। संस्थान अध्यक्ष नरेश चन्द सैनी ने बताया कि मीटिंग में मानवाधिकारों के प्रणेता, महिला शिक्षा के जनक एवं दलितों के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 200वीं जयन्ती को भव्य एवं संदेशात्मक रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत अब की बार महात्मा फुले की 200वीं जयन्ती को नशामुक्ति संकल्प दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इसी कार्यक्रम के तहत 11 अप्रैल को कार्यक्रम प्रातः 08 बजे ज्योतिबा फुले सर्किल स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी आयोजित की जावेगी।

मीटिंग में अशोक कुमार सैनी, झम्मन लाल सैनी, बाबूलाल सैनी, रामपाल सैनी, राजेन्द्र सैनी, सतीश सैनी, कन्हैया सैनी, नितिन सैनी, खेमचन्द जाटव, योगमाया सैनी, सुरभी सैनी, सतेन्द्र भारती, प्रवीण जैन, प्रकाश चन्द, भौरेलाल सैनी, महेन्द्र सैनी, डॉ. संदीप सैनी सहित गणमान्य लोग शामिल रहे।

## पी.एम.ओ. अलवर बनाये जाने पर सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं ने किया डॉ. प्रेमचन्द सैनी का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सैनी महासभा एवं समाज की विभिन्न संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में डॉ प्रेमचंद सैनी को पी.एम.ओ अलवर बनने पर सामान्य चिकित्सालय में जाकर उन्हें साफा व माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान कर बधाई दी। डॉ. सैनी का सम्मान करने वालों में अनिल सैनी गब्बर भाई, भौरेलाल सैनी, कमल सैनी, विकास बबेरवाल, नवल किशोर सैनी, प्रकाश चंद सैनी, मास्टर अशोक सैनी, हुकमाराम सैनी, महेश सैनी प्रधान, डॉ संदीप सैनी, तेजपाल सैनी, रमन सैनी, हेड कांस्टेबल कैलाश चंद सैनी, झमन लाल सैनी, एडवोकेट नरेश सैनी, प्रेमचंद कोलावत, आनंद सैनी, महेंद्र सैनी, किशोरी लाल सैनी, कैलाश चंद सैनी, धीरेंद्र सैनी, अनीश सैनी, राजेंद्र सैनी, बनवारी लाल सैनी, त्रिलोक सैनी, राहुल सैनी, अंकित सैनी, सहित समाज के वरिष्ठजन शामिल रहे।

## नारी शक्ति सम्मान मिलने पर अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर की समाज सेविका अर्चना आमेरिया और संगीता सिंह को जयपुर में नारी शक्ति सम्मान मिलने पर आदर्श विमंदित एवं मूक-बधिर विद्यालय, खुदनपुरी में उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने इस सम्मान पर खुशी जताते हुए दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया। विद्यालय की संचालिका पायल प्रधान ने दोनों अतिथियों को माला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन ने किया। इस दौरान विमंदित एवं मूक-बधिर बच्चों को शिक्षण सामग्री, नाश्ता, फल और उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में सुनीता शर्मा, सोनिका अरोड़ा, प्रतिभा सिंह, रेखा कर्दम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## देहरादून से गिरफ्तार हुआ 6.50 करोड़ के एनआई एक्ट मामलों का वारंटी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि वांछित आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अरावली विहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि से जुड़े एनआई एक्ट के मामलों में फरार चल रहे वारंटी को देहरादून (उत्तराखंड) से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डॉ. प्रियंका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा अंगद शर्मा वृत्ताधिकारी, उत्तर शहर के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी अरावली विहार रामेश्वर लाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी संदीप शर्मा पुत्र हरिकृष्ण शर्मा (50 वर्ष) निवासी मकान नं. 108, स्कीम नं. 8, थाना अरावली विहार, अलवर है, जो वर्तमान में देहरादून के अमन विहार क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनआई एक्ट के विभिन्न मामलों में 14 स्थाई वारंट और 2 गिरफ्तारी वारंट विभिन्न न्यायालयों से जारी थे। इसके अलावा आरोपी थाना कोतवाली, अलवर के मुकदमा नंबर 200/2021 धारा 420 व 406 आईपीसी में भी 14 दिसंबर 2021 से धारा 299 सीआरपीसी में फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी का पता लगाकर देहरादून में उसके किराये के मकान से उसे गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी लोगों को किराये पर मकान दिलाने का काम करता था और इसके बदले एक माह का किराया मकान मालिक से कमीशन के रूप में लेता था। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध अन्य थानों में भी स्थाई या गिरफ्तारी वारंट होने की संभावना है, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### पुलिस टीम में शामिलः

थानाधिकारी रामेश्वर लाल, हेड कांस्टेबल घनश्याम (503), कांस्टेबल समय सिंह (2153), कांस्टेबल दिलीप कुमार (2081) तथा कांस्टेबल युवराज (2583) शामिल रहे।

### आरसीए एडहॉक कमेटी ने संभाला कार्यभार

# कमेटी का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में क्रिकेट गतिविधियों को फिर से व्यवस्थित कर खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है- डॉ मोहित जसवंत यादव

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़/जयपुर(कासं.)।** । राज्य सहकारिता विभाग द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के संचालन के लिए गठित एडहॉक कमेटी ने सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी पहुंचकर विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया।

आरसीए एडहॉक कमेटी के संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कमेटी सदस्यों धनंजय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बीनेवाल और अरिष्ट सिंघवी के साथ आरसीए अकादमी के तृतीय तल स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, खेल मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम दख तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा





आरसीए एडहॉक कमेटी को राज्य में क्रिकेट के विकास और संचालन की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में क्रिकेट गतिविधियों को फिर से व्यवस्थित कर खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

कमेटी सदस्य धनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि सभी सदस्य मिलकर सामूहिक प्रयासों से आरसीए को फिर से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। वहीं सदस्य आशीष तिवाड़ी ने कहा कि कमेटी के सभी सदस्य खेलों से जुड़े रहे हैं और खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं व अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित पहली बैठक में कमेटी ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इनमें आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र को समय पर शुरू कर खिलाड़ियों को बीसीसीआई सत्र से पहले तैयारी का अवसर देना, चौंप में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की समीक्षा करना, चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और जिला क्रिकेट संघों के विवादों का समन्वय के माध्यम से समाधान करना शामिल है।

इसके अलावा राज्य में आईपीएल आयोजन में सरकार के निर्देशानुसार सहयोग देने, बीसीसीआई घरेलू सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए आरसीए अवार्ड समारोह आयोजित करने तथा आरसीए की वित्तीय व खेल गतिविधियों की समीक्षा करने का भी निर्णय लिया।

## अवैध गैस भंडारण पर कार्रवाई, भीमनगर कॉलोनी से 16 सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)** जिला कलक्टर अलवर के निर्देशानुसार एलपीजी गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन व व्यापार पर रोक लगाने के लिए गठित प्रवर्तन जांच दल ने मंगलवार को शहर के खुदनपुरी स्थित भीमनगर कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए एक मकान से अवैध रूप से रखे 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच दल ने पंछीराम के घर के परिसर में जांच की, जहां मौके पर रविकांत पुत्र पंछीराम उपस्थित मिले। जांच के दौरान परिसर में 16 घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, जिनके भंडारण से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद सभी सिलेंडरों को कब्जे में लेकर सुरक्षा के लिए प्रसन्न गैस एजेंसी, अलवर को सुपुर्द कर दिया गया।

कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी बनवारी लाल शर्मा और प्रवर्तन अधिकारी अमित यादव शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पूर्व 30 मार्च को देसुला खोड़ में इसराइल के घर से 15 गैस सिलेंडर भी जब्त किए गए थे, जिसकी प्राथमिकी एमआईए थाने में दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वर्तमान में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए बिना आवश्यकता के सिलेंडर बुक नहीं कराएं, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। साथ ही सिलेंडर प्राप्त करते समय उपभोक्ता उसका वजन अवश्य कराएं। प्रशासन ने बताया कि जिले में घरेलू गैस के अवैध भंडारण, परिवहन और व्यापार की रोकथाम के लिए संबंधित उपखंड अधिकारियों की अध्यक्षता में विशेष प्रवर्तन जांच दल गठित किए गए हैं, जो लगातार निगरानी और कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही घरेलू गैस की डिलीवरी के लिए शत-प्रतिशत ओटीपी प्रणाली को अनिवार्य किया गया है, ताकि गैस की आपूर्ति वास्तविक उपभोक्ताओं तक ही सुनिश्चित हो सके।

## विधायक महंत बालकनाथ योगी ने की जनसुनवाई

### ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स





**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालकनाथ योगी ने मंगलवार को टपूकड़ा व तिजारा क्षेत्र का दौरा कर जनसुनवाई की तथा हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। महंत बालकनाथ योगी ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति और परिवार के साथ वह हर परिस्थिति में खड़े हैं। ओलावृष्टि, अतिवृष्टि या अन्य किसी भी संकट की स्थिति में लोगों के साथ खड़े रहना और उनकी यथासंभव सहायता करना जनप्रतिनिधि की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में जनसेवा के उद्देश्य से आए हैं और इसी संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। तिजारा विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित इलाकों में भी प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व महंत बालकनाथ योगी टपूकड़ा में आयोजित यदुवंशी शिक्षा निकेतन के उद्घाटन कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

## सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ से व्यक्तित्व विकास : पारीक



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक ने कहा है की सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ न केवल आध्यात्मिक रूप से फलदायी है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास के लिए एक शक्तिशाली साधन भी है। जब कई लोग एक साथ मिलकर चालीसा का पाठ करते हैं, तो उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक एकाग्रता व्यक्तित्व में व्यापक सकारात्मक बदलाव लाती है। हनुमान चालीसा का पाठ मानसिक चंचलता को नियंत्रित करता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है, जिससे कठिन परिस्थितियों में भी निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। पारीक मंगलवार को मुकुन्दगढ मार्ग स्थित जालवाले बालाजी मन्दिर में आयोजित सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ के समापन के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे । पारीक ने कहा की सामूहिक पाठ से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और मानसिक चंचलता पर नियंत्रण आता है, जो तनाव कम करने में सहायक है । हनुमान जी को संकट मोचन कहा जाता है। उनके पाठ से मन से भय और डर दूर होता है, जिससे व्यक्ति निर्भय और साहसी बनता है। नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में अनुशासन और समर्पण जैसे गुणों का विकास होता है, जो सफलता के लिए आवश्यक हैं। इस दौरान प0 गिरधारीलाल सुरोलिया ने पूजा - अर्चना की तथा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया । कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी , सज्जनलाल शर्मा, किशोरसिंह राठौड़ पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, संजय परिहार , अनूप शर्मा, एसएन बावलिया, व सूर्यप्रकाश लाहोरा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## भगवान महावीर का 2625 वां जन्मकल्याणक दिवस

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निसं.)।** आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी मंजुयशा के पावन सान्निध्य में भगवान महावीर का 2625वां जन्मकल्याणक दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातः 8:15 बजे थान-सुथान भवन से रैली निकाली गई, जिसमें ज्ञानशाला के बच्चों, युवाओं, महिलाओं व कन्याओं ने गणवेश में अनुशासित ढंग से भाग लिया। जयकारों के बीच रैली मुख्य बाजार से होती हुई पुनः भवन पहुंची, जहां धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम की शुरुआत साध्वीश्री द्वारा नमस्कार महामंत्र के मंगल उच्चारण से हुई। ज्ञानशाला की छात्राओं माही बैंगानी व माहिरा जैन ने 'जय महावीर भगवान' गीत प्रस्तुत किया। तेरापंथ सभा के मंत्री हनुमानमल सेठिया ने सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

साध्वी मंजुयशा ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके जन्म से ही विश्व में शांति और प्रकाश का संदेश फैला। उन्होंने बताया कि वर्धमान महावीर ने युवावस्था में राजसी वैभव त्यागकर कठिन संयम और साधना का मार्ग अपनाया तथा 12 वर्षों की तपस्या के बाद केवलज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने महावीर के तीन मुख्य सिद्धांत—अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह—को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि इनसे व्यक्ति, परिवार और समाज में शांति, समन्वय और प्रेम स्थापित होता है। अनावश्यक संग्रह से बचते हुए आत्मचिंतन और संयमित जीवन जीना ही सच्ची साधना है।

इस अवसर पर साध्वी रमावती , जयन्तयशा सहित अन्य साध्वीवृंद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। साध्वी चिन्मयप्रभा , इन्दुप्रभा , तीर्थप्रभा व मानसप्रभा ने परिसंवाद के माध्यम से महावीर के सिद्धांतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में युवक परिषद, महिला मंडल, कन्यामंडल तथा विभिन्न समाजजनों ने गीत, कविता, भाषण आदि के माध्यम से अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का संयोजन साध्वी चिन्मयप्रभा ने किया। अंत में मंगलपाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमें श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** श्रीश्याम सखी महिला मंडल की ओर से पारदर्शी शिवालय मार्ग स्थित वार्ड 24 में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ । इस दौरान खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। भोग की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इत्र वर्षा की गई। श्रीश्याम सखी महिला मण्डल की प्रमुख सरोज सिंघानिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम महिला मंडल की पदाधिकारियों व सदस्यों ने ज्योत प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ किया। मुख्य यजमान रीद्धकरण मारोठिया व तुलसी देवी आदि ने विशेष पूजा - अर्चना की । आरम्भ में गणेश वंदना , हनुमान वंदना गुरु वंदना के साथ संकीर्तन की शुरुआत की गई। वही भजन सम्राट सरोज सिधांनिया ने तू नीले चढ़ कर आजा, सांवरिया सेठ है तो सेठानी कौन है, हम बिक गए खाटू के बाजार में आदि भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया, मन की बात सांवरिया से आज सुना के देख ले आदि भजन गायक भक्ति को देर रात तक झूमने को मजबूर कर दिया । वही उमा हेमाणी ने नाम मेरे खाटू वाले का जिस जिस ने गाया है, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आना है आदि भजन प्रस्तुत कर भक्तों को नाचने से मजबूर कर दिया। भजन सुनने के लिए देर रात तक खाटू श्यामजी के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम के दौरान भक्तों पर चंदन के इत्र मिश्रित जल का छिड़काव किया गया और गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा से पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में रंग गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में सरोज मोदी, संगीता टेलर, मन्जू सैनी, दिव्या , कमला देवी, सन्जू सैनी, विद्या , ज्योति, सीमा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## खेड़ी से जीणमाता के लिए तृतीय विशाल पैदल पदयात्रा हुई रवाना

जयपुर टाइम्स




**जाजोद** ग्राम पंचायत जाजोद के खेड़ी गांव से श्री जीण भक्त मंडली खेड़ी द्वारा जीण माता के लिए तीसरी निशान पैदल पदयात्रा रवाना हुई। यह पैदल निशान पदयात्रा श्री जीण भक्त मंडली के तत्वावधान में निकाली गई। यह पदयात्रा खेड़ी गांव के जीण माता मंदिर से निशानों की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। भक्तों ने गांव के मुख्य मार्गों से चंग के साथ भ्रमण करते हुए यात्रा को रवाना किया। जीण भक्त मंडली के शिव भक्त मुकेश कुमावत ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी खेड़ी गांव से तीसरी निशान पैदल पदयात्रा डीजे के साथ नाचते गाते भक्त रवाना हुए। इसमें कई महिला-पुरुष, युवक-युवतियां शामिल हैं। यह पदयात्रा बुधवार सुबह जीण माता मंदिर पहुंचकर निशान अर्पित करेगी और देश व प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। इस अवसर पर प्रशासक महेंद्र कूड़ी, सुभाष कूड़ी, ख्यालीराम लाटा, मोतीलाल कुमावत, नाथू लाल लाटा, मंदिर पुजारी रामस्वरूप कुमावत, जीण भक्त मंडली के शिव भक्त मुकेश कुमावत, अध्यक्ष सुरेश सैन, मनोहर जांगिड़, सीएम सैन, राहुल कुमावत, कृष्ण सैनी और विनोद कुमावत सहित कई महिला-पुरुष एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गोविंद सिंह डोटासराने पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए, अलर्ट मोड पर प्रदेश कांग्रेस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दे दिए हैं । डोटासरा ने पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों से कहा है कि वह जल्दी से जल्दी कार्यकारिणी का गठन करें और कार्य करने का गठन करने के दौरान संगठन में समर्पित रूप से कड़ी मेहनत से कार्य करने वाले लोगों को ही जगह दी जाए। जो नेता सिर्फ सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी उपस्थिति दिखाने का प्रयास करते हैं उन्हें कार्यकारिणी से दूर रखा जाए। डोटासरा के निर्देश के बाद पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष अपने अपने जिलों में पार्टी के संगठन को गति देने के लिए टीम के सिलेक्शन की प्रक्रिया में पूरी तरह से व्यस्त हो गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में संगठन में पदों पर नियुक्ति देने के दौरान



जातिगत समीकरणों का भी विशेष ध्यान रखा जा सकता है लेकिन कहा जा रहा है कि इस बार जिला कार्यकारिणी में बड़े नेताओं की सिफारिश ज्यादा देखने को नहीं मिलेगी क्योंकि पिछले दिनों जयपुर में आयोजित पार्टी के एक बड़े कार्यक्रम में गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी के जिला अध्यक्षों को साफ कह दिया था कि पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले किसी भी कार्यक्रम में अगर 500 लोग मौजूद नहीं रहते हैं तो उसे कार्यक्रम का कोई मतलब ही नहीं निकलता है। उन्होंने जिला अध्यक्षों से कहा था कि अगर आप सिर्फ 5 या 10 लोगों के साथ प्रदर्शन करके सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करोगे तो यह अब चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले सभी तरह के कार्यक्रमों में आमजन की भी सहभागिता ली जाए और हर कार्यक्रम में काम से कम 500 लोगों की मौजूदगी तो होनी ही चाहिए। डोटासरा का यह बयान प्रदेश कांग्रेस में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है डोटासरा ने खुले मंच से जिला अध्यक्षों को पार्टी के संगठन में कड़ी मेहनत से कार्य करने की जो सीख दी है। वह कहीं ना कहीं जिला अध्यक्षों के लिए एक बड़ी चेतावनी मानी जा रही है इसलिए पार्टी के जिला अध्यक्ष अब अपने संगठन की टीम में उन्हीं नेताओं को शामिल करने के बारे में ज्यादा सोचेंगे जो कर्मठ गतिशील और समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करते हैं। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस में पार्टी के जिला अध्यक्षों की घोषणा को कई दिन बीत गए लेकिन प्रदेश कांग्रेस में जिला स्तर पर कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो पा रही थी जिसके पीछे चर्चा यह थी कि पार्टी के बड़े नेताओं की आपस की टकराव की वजह से जिला कार्यकारिणी के लिए नाम पर सहमति नहीं बन पा रही। लेकिन अब डोटासरा रानी पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को अपने स्तर पर कार्यकारिणी का चयन करने की छूट दे दी है गोविंद सिंह डोटासरा के पार्टी के जिला अध्यक्षों को जिला कार्यकारिणी की घोषणा करने के निर्देश के बाद अब ऐसा दिख रहा है कि राजस्थान कांग्रेस पूरी तरह से आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर दिख रही है। हालांकि प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव कब होंगे अभी यह कहना काफी मुश्किल है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के बाद यह दिखा दिया है कि कांग्रेस पंचायत राज चुनाव को लेकर खुद को तैयार कर रही है ।

## यात्रियो की सुविधा हेतु रेलसेवाओं का बांदीकुई स्टेशन पर ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु हावडा-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सप्ताह में 4 दिन) एंव हावडा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) रेलसेवाओं का बांदीकुई स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा चुका है इसी क्रम में जोधपुर-हावडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सप्ताह में 4 दिन) एंव बीकानेर-हावडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) रेलसेवाओं का भी बांदीकुई स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 12307, हावडा-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सप्ताह में 4 दिन) दिनांक 15.2.26 से एवं गाडी संख्या 22307, हावडा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) रेलसेवा दिनांक 14.2.26 से बांदीकुई स्टेशन पर 22.20 बजे आगमन व 22.22 बजे प्रस्थान कर ठहराव कर रही है। इसी क्रम में गाडी संख्या 12308, जोधपुर-हावडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस(सप्ताह में 4 दिन) दिनांक 1.4.26 से एवं गाडी संख्या 22308, बीकानेर-हावडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) रेलसेवा भी दिनांक 2.4.26 से बांदीकुई स्टेशन पर 6.08 बजे आगमन व 6.10 बजे प्रस्थान कर ठहराव करेगी।

## पूर्व पार्षद पर प्रोफेसर ने छेड़छाड़ और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज करवाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा के अनंतपुर थाने में पीड़ित महिला प्रोफेसर ने एक पूर्व पार्षद पर छेड़छाड़ और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज करवाया है पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है पुलिस रिपोर्ट में महिला प्रोफेसर ने आरोप लगाया है कि पिछले कई दिनों से आरोपी ओम गुंजल उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान कर उसे ब्लैकमेल करने की धमकी दे रहा है पुलिस रिपोर्ट में पीड़ित महिला प्रोफेसर ने बताया है कि आरोपी ओम गुंजल जबरन उसके फ्लैट में घुस गया और उसके साथ उसने छेड़छाड़ की पुलिस का कहना है कि पीड़ित महिला प्रोफेसर के बयानों के आधार पर आरोपी ओम गुंजल से पूछताछ की जाएगी फिलहाल आरोपी व्यक्ति से पुलिस का संपर्क नहीं हो पाया है पुलिस आरोपी व्यक्ति की तलाश कर रही है तथा आरोपी व्यक्ति के परिजनों, मित्रों और जानकार लोगों से भी आरोपी व्यक्ति की लोकेशन के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है ।

## श्मशान घाट पर मधुमक्खियां ने अंतिम संस्कार कर रहे लोगों पर धावा बोला, 50 से ज्यादा लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कोटपूतली क्षेत्र के बानपुर के रामपुर में शमशान घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल लोगों पर मधुमक्खियां के एक बड़े समूह ने अचानक धावा बोल दिया। मधुमक्खियां के अचानक आक्रमण कर देने की वजह से अंतिम संस्कार में शामिल लोग इधर-उधर अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए नजर आए कई लोगों ने खेत में घुसकर तो कई लोगों ने इलाके में काफी दूर तक दौड़ लगाकर आसपास के मकान में छुप गए लेकिन इस दौरान मधुमक्खियां ने 50 से ज्यादा लोगों को काट खाया जिन्हें उपचार के लिए विभिन्न अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जिसमें कई लोगों की हालत काफी खराब बताई गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को बानसूर के रामपुर गांव में श्मशान घाट पर बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में मौजूद थे तभी शमशान घाट से उठ रही धुआं की वजह से अचानक मधुमक्खियां के एक बड़े ग्रुप ने वहां मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया । मधुमक्खियां की घेराबंदी से लोग घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे लेकिन मधुमक्खियां ने लोगों का काफी दूर तक पीछा किया जिसमें कई लोग तो खेत में लेट गए लेकिन इसके बावजूद भी मधुमक्खियां ने उनका पीछा नहीं छोड़ा कई लोग काफी देर तक भाग कर इलाके में स्थित मकान में जाकर छुप गए लेकिन मधुमक्खियां के इस आक्रमण से करीब 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए ।

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों सहित चार जने झुलस गए, मकान के आंगन में ही गिर गई बिजली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में 20 एल एम लुनिया में एक मकान के आंगन में आकाशीय बिजली गिरने की वजह से आंगन में खेल रहे दो बच्चे और एक 15 साल की किशोरी तथा एक बुजुर्ग युवक झुलस गया जिन्हें पहले प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय लूनिया अस्पताल में लाया गया। उसके बाद सभी को उपचार के लिए बीकानेर रेफर कर दिया गया आकाशीय बिजली गिरने की इस घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया । लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर देखी गई क्योंकि पिछले कुछ दिनों से श्री गंगानगर जिले में मौसम का मिजाज काफी बिगड़ा हुआ है आंधी, बरसात और आकाश में बिजली खड़कने की आवाज़ लगातार लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है। अब जिस तरह से घर के आंगन में ही आकाशीय बिजली गिरी है और इसमें चार जने झुलस गए उसको देखकर ग्रामीण काफी भयभीत दिख रहे हैं सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है। घटना स्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी किए हैं पुलिस ने भी कहा है कि यह मामला पूरी तरह से आकाशीय बिजली गिरने का ही है और कोई हादसे का कारण नहीं है।

## मधुमक्खियां के हमले से एक श्रद्धालु की मौत, दर्जन भर श्रद्धालु घायल


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अजमेर जिले में केकड़ी इलाके में सूरजपूरा चौराहे पर बस में सवार श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियां ने अचानक हमला बोल दिया जिसकी वजह से एक श्रद्धालुओं की मौत हो गई है तथा दर्जन पर श्रद्धालु घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए निकट के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । जानकारी के अनुसार दो बसों में सवार होकर श्रद्धालु पंजाब से पुष्कर की ओर जा रहे थे दोनों बसों में करीब 120 श्रद्धालु सवार थे तभी केकड़ी इलाके में सूरजपुर चौराहे पर मधुमक्खियां ने बसों पर अचानक हमला बोल दिया जिसकी वजह से बस में सवार यात्रियों में घबराहट छा गई और यात्रियों में चीख पुकार मच गई इस दौरान मधुमक्खियां ने कई यात्रियों को अपना निशाना बनाया । जिसमें एक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी मौत भी हो गई है तथा दर्जन पर श्रद्धालु मधुमक्खियां के हमले से घायल भी हुए हैं । गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनो में प्रदेश में मधुमक्खियां के हमले लगातार अलग-अलग इलाकों में देखने को मिल रहे हैं आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही है जिसमें बड़ी संख्या में लोग मधुमक्खियां के हमले से घायल होकर अस्पताल भी पहुंचे हैं । मंगलवार को जिस तरह से केकड़ी में मधुमक्खियां के हमले से एक व्यक्ति की मौत हुई है यह निश्चित रूप से दुखद खबर है लेकिन मधुमक्खियां से कैसे और किस तरह से बचाव किया जाए इसका तोड़ न तो पुलिस के पास है और ना ही प्रशासन के पास । पुलिस और प्रशासन का भी अक्सर यही कहना है कि जहां पर मधुमक्खियां का डेरा रहता है वहां पर धुआं और आगजनी जैसी घटनाएं नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए ।

## मुख्यमंत्री को चुनाव से डर, लोकतंत्र का सिस्टेमैटिक मर्डर राजस्थान में किया जा रहा : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का सुनियोजित तरीके से गला घोंटने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विफलता का आलम यह है कि समय पर पंचायती राज चुनाव न कराकर ग्रामीण विकास को आईसीयू में धकेल दिया गया है। जूली ने कहा कि इन चुनावों में देरी के कारण केंद्र सरकार से मिलने वाले लगभग 1800-1900 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण फंड के अटकने का सीधा खतरा पैदा हो गया है, जिससे ग्रामीण अंचल की विकास परियोजनाएं पूरी तरह ठप होने की कगार पर हैं। केवल ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी निकायों में भी चुनाव टालकर यह सरकार जनमत का दमन कर रही है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और पार्षदों की अनुपस्थिति में जनता के छोटे-बड़े काम फाइलों में दबे पड़े हैं और आमजन को अपने बुनियादी अधिकारों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। स्पष्ट है कि सरकार जनप्रतिनिधियों की जगह अफसरशाही के माध्यम से स्थानीय निकायों में तानाशाही चलाना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि भाजपा सरकार न केवल प्रशासनिक बल्कि शैक्षणिक और खेल संस्थाओं के लोकतंत्रीकरण से भी भयभीत है। राजस्थान विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के तमाम परिसरों में छात्रसंघ चुनाव न कराकर युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। छात्रों ने अपनी जायज मांगों के लिए अनोखे प्रदर्शन किए, लेकिन इस संवेदनहीन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यही हाल खेल जगत का भी है जहां आरसीए में चुनाव कराने के बजाय



एडहॉक कमेटी में ताश के पत्तों को फेंटे जाने वाले अंदाज़ में मनमाने बदलाव किए जा रहे हैं और भाजपा नेताओं के पुत्रों को सेट किया जा रहा है। सरकार एक चुनी हुई लीडरशिप को क्रिकेट बॉडी चलाने देने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उसे मालूम है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से उसके पसंदीदा चेहरों को जगह नहीं मिलेगी। जूली का स्पष्ट कहना है कि इस सरकार का चुनावों के प्रति यह अलगाव और डर अनायास नहीं है, बल्कि इसके मूल में इस सत्ता का गठन ही दोषपूर्ण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं लोकतांत्रिक तरीके से विधायक दल के नेता नहीं चुने गए थे, बल्कि उनके नाम की पर्ची भाजपा दफ्तर में सार्वजनिक रूप से खोलकर उन्हें थोपा गया था। जो सरकार खुद एक पर्ची के जरिए अस्तित्व में आई हो, वह भला अन्य संस्थाओं में निष्पक्ष चुनाव कैसे होने दे सकती है? यह पर्ची सरकार हर जगह चुनाव से दूरी बनाकर केवल अपना 'पर्ची राज' कायम करना चाहती है। राजस्थान की जनता देख रही है कि कैसे एक-एक कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और लोकतंत्र के पहिए को तानाशाही के स्पीडब्रेकर से रोका जा रहा है ।

## उत्तर पश्चिम रेलवे ने माल लदान में नया कीर्तिमान स्थापित किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने माल लदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 मार्च 2026 तक 30.22 मिलियिन टन माल लदान कर दूसरी बार 30 मिलियिन टन लोडिंग का आंकड़ा किया पार किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने 30 मिलियिन टन लोडिंग का आंकड़ा पार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो क्षेत्रीय औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को गति देने में इसकी अहम भूमिका को दर्शाता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार महाप्रबन्धक अमिताभ के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तर पश्चिम रेलवे ने माल लदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 मार्च 2026 तक 30.22 मिलियिन टन माल लदान कर दूसरी बार 30 मिलियिन टन लोडिंग का आंकड़ा पार कर लिया है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत अधिक है साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य 30 मिलियन टन को भी समय से पूर्व पार कर लिया गया है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में पहली बार 30 मिलियिन टन लोडिंग का आंकड़ा पार किया था। उत्तर पश्चिम रेलवे पार माल लदान में यह निरंतर वृद्धि परिचालन दक्षता, बेहतर कार्य योजना, समयबद्ध सेवाओं तथा ग्राहक-केंद्रित कार्यशैली का परिणाम है। यह प्रदर्शन विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, जैसे सीमेंट, खनिज, कंटेनर परिवहन एवं कृषि उत्पादों के कुशल परिवहन से संभव हुआ है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर ट्रैक क्षमता, और डिजिटल तकनीकों के उपयोग ने माल परिवहन को तेज, संरक्षित और अधिक सुगम बनाया है।रेलवे द्वारा माल परिवहन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## श्री गंगानगर के घूमडवाली इलाके में खेत में पड़ा मिला संदिग्ध गुब्बारा, गुब्बारे पर चांद सितारा अंकित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर में घूमडवाली इलाके में एक खेत में संदिग्ध गुब्बारा मिला है इस गुब्बारे पर चांद सितारा तथा पीआईए शब्द भी अंकित है ग्रामीणों ने जैसे ही इस गुब्बारे को दिखा उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर आई है पुलिस ने स्थानीय बीएसएफ प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को भी इस गुब्बारे के बारे में जानकारी दी है फिलहाल पुलिस गुब्बारे के बारे में गहन छानबीन कर रही है तथा गुब्बारे में कोई यंत्र इत्यादि तो लगा हुआ नहीं है इसकी भी छानबीन कर रही है पुलिस का कहना है कि अभी मामले की जांच पड़ताल जारी है और जब तक जांच कंप्लीट नहीं हो जाती तब तक इस मामले में कुछ भी कहना देश के आंतरिक सुरक्षा लिहाज से उचित नहीं होगा क्योंकि यह सामरिक महत्व से जुड़ा विषय है इसलिए पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां गुब्बारे की गहनता से जांच पड़ताल करेगी हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है जब प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में इस तरह से गुब्बारा मिला हो इससे पहले भी पिछले कई सालों से इसी तरह के गुब्बारे अलग-अलग इलाकों में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने बरामद किए हैं कई बार इन गुब्बारे में विभिन्न तरह के उपकरण भी लगे हुए मिले हैं इसलिए यह तो तय है कि अभी यह जो गुब्बारा मिला है इसमें भी कहीं ना कहीं पाकिस्तान खुफिया एजेंसी और पाकिस्तानी मिलिट्री का कोई बड़ा प्लान बरामद किए गए गुब्बारे के पीछे हो सकता है इसलिए पुलिस और जांच एजेंसी इस मामले की घटा से जांच पड़ताल कर हो सकता है इसलिए पुलिस और जांच एजेंसी इस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है

## सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बाल निवास उद्यान, सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन, जयपुर में नवजीवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोडाला, जयपुर के विद्यार्थियों के लिए वार्षिकोत्सव के अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रादेशिक परिवहन कार्यालय द्वितीय, जयपुर के सीनियर इंस्पेक्टर एवं रोड सेफ्टी एक्सपर्ट दिनेश सिंह रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में सड़क सुरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, वाहन की गति नियंत्रण, लेन अनुशासन, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन फिटनेस, वाहन मेंटेनेंस, वाहन पंजीयन, बीएच सीरीज रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, गुड सेमेरिटन, रोड सिग्नल तथा मोटर व्हीकल ड्राइविंग रेग्यूलेशन-2017 जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। दिनेश सिंह ने




विद्यार्थियों को यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े चिंताजनक आंकड़ों, सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली जनहानि के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का संकल्प है। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक श्री सीताराम सूद एवं प्रिंसिपल श्री जतिन सूद ने सीनियर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह का माला, शॉल, साफा और मोमेंटो देकर सम्मान किया। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि दिनेश सिंह पिछले कई वर्षों से सैकड़ों कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर चुके हैं।

## पंच गौरव योजना के तहत चौगान स्टेडियम में हुआ कबड्डी शिविर का आयोजन

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर के चौगान स्टेडियम में 'पंच गौरव - एक जिला, एक खेल' योजना के तहत कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं स्पोर्ट्स शूज प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में यह भी उल्लेख किया गया कि चौगान स्टेडियम से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी निकलकर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। यह कबड्डी प्रशिक्षण शिविर 22 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। शिविर में कुल 22 बालक एवं 22 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग को कोच श्री फूलचंद गुर्जर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जबकि बालिका वर्ग में महिला कोच आशा चौधरी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला खेल अधिकारी मान सिंह निर्वाण ने बताया कि 'पंच गौरव - एक जिला, एक खेल' राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में चयनित खेल को बढ़ावा देकर स्थानीय प्रतिभाओं को निखारना एवं उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। शिविर के समापन अवसर पर खिलाड़ियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का वातावरण देखने को मिला, जो उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की ओर संकेत करता है।

## घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर जिला रसद अधिकारी का बड़ा एक्शन

### 118 सिलेंडर सहित वाहन व उपकरण जब्त, 3 सतर्कता दलों की संयुक्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर शहर में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अवैध रिफिलिंग, भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा 03 विशेष प्रवर्तन दलों का गठन कर शहर में सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। इन दलों में प्रवर्तन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को शामिल करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया। कार्रवाइयों के दौरान कुल 118 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 03 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 02 उपकरण , 03 रिफिलिंग मोटर, 01 रेगुलेटर एवं 01 पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई प्रचलित है। उल्लेखनीय है कि जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा जयपुर शहर में कार्यवाही हेतु तीन विशेष प्रवर्तन दलों का गठन किया गया। दल 'ए' में कविता शर्मा प्रवर्तन अधिकारी व सुनिता चौधरी प्रवर्तन निरीक्षक विशेष प्रवर्तन दल 'बी' में पूजा शर्मा प्रवर्तन अधिकारी व विजयलक्ष्मी शर्मा प्रवर्तन अधिकारी एवं विशेष प्रवर्तन दल 'सी' में निर्मला चौधरी प्रवर्तन अधिकारी व प्रिया गंगवानी प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा जांच की गई। पुलिस थाना खो-नागोरियान क्षेत्र में नारायण सिटी, जेएनयू हॉस्पिटल के पास संयुक्त कार्रवाई के दौरान अवैध रिफिलिंग की पुष्टि होने पर 74 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 03 रिफिलिंग मोटर तथा 01 पिकअप वाहन जब्त किया गया। इसी प्रकार आगरा रोड स्थित गौरव बर्तन भंडार एवं जग्गा की ढाणी में दबिश के दौरान 22 गैस सिलेंडर एवं एक उपकरण जब्त किए गए। भांकरोटा क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान 08 गैस सिलेंडर, 01 कांटा एवं एक उपकरण जब्त किया गया, वहीं बिन्दायका क्षेत्र में की गई कार्रवाई में 14 गैस सिलेंडर, 01 कांटा तथा 01 रेगुलेटर रबर पाइप सहित जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अवैध गैस रिफिलिंग एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तन - सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' अभियान लगातार जारी है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गैस रिफिलिंग, भण्डारण अथवा कालाबाजारी से संबंधित सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि समय रहते कठोर कार्रवाई कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सीताराम मंदिर में 2 अप्रैल को मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

## रात्रि जागरण, प्रसाद ओर धार्मिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निसं.)**।कस्बे में मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित सीताराम मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। रावणा राजपुत समाज मंडावा अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पंवार ने कार्यक्रमों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांती इस वर्ष 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक हनुमान चालीसा,रात्रि जागरण, प्रसाद ओर अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मंदिर सजावट सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां जारी है। इस अवसर पर राजेश रणजीरोत,राजेन्द्र सिंह पंवार, गोविंद सिंह चौहान,किशोर सिंह जाटू, राजकुमार निर्वाण,किशोर सिंह शेखावत,गजानंद पंवार,राजेन्द्र सिंह,हरीसिंह नरूका,सत्यनारायण खेजडोलिया,सुनील सिंह,राजेन्द्र सिंह नरूका,सीताराम मेड़तिया सहित अन्य समाज के गणमान्य जनों का सहयोग मिल रहा है।

# श्री बालाजी विशाल धाम के सौजन्य से 27वां वार्षिक जन्म दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया जायेगा

जयपुर टाइम्स

**(बुहाना)** गोपाल की ढाणी पचेरी बुहाना रोड़ पर श्री बालाजी विशाल धाम के सौजन्य से 27वां वार्षिक जन्मदिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर श्री हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया जायेगा व छप्पन भोग लगाया जायेगा। दिनांक 02 अप्रैल 2026 गुरुवार को रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन पार्टी बिजेन्द्र कसाणा एडं पार्टी के कलाकारो द्वारा भजन किर्तन किये जायेगें। गौरतलब है कि ये उक्त भव्य जागरण व भण्डारा राजेश जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष -भगवान श्री परशुराम बालाजी मंदिर ट्रस्ट के सानिध्य में किया जा रहा है रात्रि 10 बजे श्री बालाजी महाराज की ज्योति प्रज्जवलित की जायेगी।

# जन उपयोगी सेवाओं में योगदान दें- पीएलवी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** 'ट्रांसफार्मिंग टयूजडे' थीम पर पीएलवी विजय पाल श्योराण ने विभिन्न विधिक जानकारी हेतु पंचायत समिति, अशोक सर्किल के आस पास साप्ताहिक अभियान चलाया और स्वछता, स्थाई लोक अदालत व वृक्षारोपण के बारे में लोगों को बताया। पीएलवी ने पत्रक देते हुए लोगों से अपील की कि विभिन्न जन उपयोगी सेवाओं जैसे पानी, लोक सफाई, चिकित्सा सेवा, परिवहन सेवा, बैंकिंग, बीमा सेवा आदि की बहाली में आ रही दिक्कतों को दूर करने, समाधान में योगदान देते हुए नागरिक कर्तव्यों का पालन करें और इनके बारे में किसी परेशानी का समाधान ना हो रहा हो, तो स्थाई लोक अदालत के द्वारा कार्यवाही करवा सकते हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रम करते हुए राजकीय जाजोदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय बगीचा परिसर में साइबर ठगी के विषय में जागरूक किया एवं बालिका शिक्षा तथा बाल विवाह रोकथाम, नालसा योजना की जानकारी अधिकार मित्र वक्ता रामप्रसाद शर्मा ने दी। पीएलवी ने नालसा योजना की जानकारी दी व महिला समानता के बढ़ावा देने तथा वंचित बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ने हेतु प्रेरित किया।

# वाटिका के दिहाड़ी मजदूर का बेटा 12वीं साइंस में राजस्थान टॉपर

## सांगानेर वाटिका नगर पालिका के छात्र सोनू मेहरा ने रचा इतिहास ! 12वीं साइंस में 99.80' अंक के साथ



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निस.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया है। साइंस में जयपुर के बगरु विधानसभा क्षेत्र के सोनू मेहरा ने 99.80' नंबर के साथ राजस्थान में टॉप किया है। सोनू मेहरा 7वीं तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था। 8वीं क्लास में सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया था। सरकारी स्कूल में भी सोनू मेहरा ने 98.88' हासिल किया था। सोनू का द्धस्र बनने का सपना है। सांगानेर क्षेत्र वाटिका के सीमलिया रोड़ स्थित रहने वाले सोनू मेहरा के पिता विनोद मेहरा इमारतों मे कलर पेंट का कार्य करते हैं हैं और माता गुड्डी देवी गृहिणी हैं। सोनू मेहरा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि परिवार और शिक्षक हर कठिन परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहे।

# पहचान के संकट से जूझते समुदाय



*इसके परिणामस्वरूप कई ऐसे समुदाय बने रहे, जो इन श्रेणियों में रखे जाने के बावजूद अपनी सांस्कृतिक पहचान को अलग ढंग से समझते एवं विश्लेषित करते रहे। उदाहरण के लिए, कई दलित जातियां दलित कोटि में दर्ज होने के बावजूद अपने आपको जनजातीय विशेषताओं से युक्त मानती रही हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में रहने वाले मुसहर समुदाय को प्रशासनिक रूप से दलित कोटि में दर्ज किया गया है, किंतु अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक आत्मछवि में वे अपने आपको कई जनजातीय विशेषताओं से युक्त मानते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोल और खरवार जैसे समुदायों को प्रशासनिक दृष्टि से अनुसूचित जाति में रखा गया है, जिन्हें कई स्थानों पर जनजातीय माना जाता है। उनके दैनिक जीवन, कर्मकांड, पूजा-पद्धति और सांस्कृतिक व्यवहार में वैसे जनजातीय संस्कृति की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। यह स्थिति दर्शाती है कि सामाजिक वास्तविकता प्रशासनिक वर्गीकरण से कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी होती है। इन दोनों कोटियों के बीच भी कई ऐसे सामाजिक समूह मौजूद हैं, जो न पूरी तरह इधर के हैं और न पूरी तरह उधर के। वे सामाजिक संरचना में एक प्रकार*

हम प्रायः समाज को कोटियों यानी वर्गों या श्रेणियों में बांटकर देखने के आदी हो गए हैं। दलित, जनजाति, सवर्ण, हिंदू, मुस्लिम जैसी अनेक कोटियां समाज को देखने के हमारे नजरिये पर हावी रहती हैं। हम अक्सर समाज को इन्हीं स्थिर वर्गों के माध्यम से समझने की कोशिश करते हैं और मान लेते हैं कि सामाजिक वास्तविकता इन्हीं सीमाओं के भीतर पूरी तरह समाहित हो जाती है, लेकिन हम यह नहीं सोचते कि इन कोटियों के बीच भी अनेक ऐसे सामाजिक समूह मौजूद हो सकते हैं, जो इन निर्धारित श्रेणियों में पूरी तरह समाहित नहीं होते। हम यह भी समझना नहीं चाहते कि ये कोटियां हमेशा कठोर और स्थायी नहीं होतीं, बल्कि कई बार लचीली और परिवर्तनशील भी होती हैं। सामाजिक जीवन की जटिलता कई बार इन कोटियों की सीमाओं को चुनौती देती है। वास्तव में समाज की संरचना इतनी सरल नहीं होती कि उसे केवल कुछ तयशुदा श्रेणियों में पूरी तरह समझ लिया जाए। दलित एवं जनजाति दो ऐसी कोटियां हैं, जिन्हें हमारी राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था ने विशेष रूप से निर्मित किया है। औपनिवेशिक जनगणना के दौरान पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की कोटियां बनाकर अनेक विविध सामाजिक समूहों को उनमें सम्मिलित कर दिया गया। औपनिवेशिक शासन की रणनीति समाज को अलग-अलग वर्गों में बांटकर शासन को सरल बनाना और कई बार विभाजन की रेखाएं खींचना भी था। इसके परिणामस्वरूप कई ऐसे समुदाय बने रहे, जो इन श्रेणियों में रखे जाने के बावजूद अपनी सांस्कृतिक पहचान को अलग ढंग से समझते एवं विश्लेषित करते रहे। उदाहरण के लिए, कई दलित जातियां दलित कोटि में दर्ज होने के बावजूद अपने आपको जनजातीय विशेषताओं से युक्त मानती रही हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में रहने वाले मुसहर समुदाय को प्रशासनिक रूप से दलित कोटि में दर्ज किया गया है, किंतु अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक आत्मछवि में वे अपने आपको कई जनजातीय विशेषताओं से युक्त मानते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोल और खरवार जैसे समुदायों को प्रशासनिक दृष्टि से अनुसूचित जाति में रखा गया है, जिन्हें कई स्थानों पर जनजातीय माना जाता है। उनके दैनिक जीवन, कर्मकांड, पूजा-पद्धति और सांस्कृतिक व्यवहार में वैसे जनजातीय संस्कृति की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। यह स्थिति दर्शाती है कि सामाजिक वास्तविकता प्रशासनिक वर्गीकरण से कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी होती है।

इन दोनों कोटियों के बीच भी कई ऐसे सामाजिक समूह मौजूद हैं, जो न पूरी तरह इधर के हैं और न पूरी तरह उधर के। वे सामाजिक संरचना में एक प्रकार की मध्यवर्ती स्थिति में रहते हैं। ऐसे समूहों को सिद्धांतकार 'बीच के समूह', 'बीच की अस्मिता वाले समुदाय' अथवा 'लिमिनल आइडेंटिटी' वाले समूह कहते हैं। ये समुदाय समाज की मुख्यधारा में होते हुए भी कई बार पहचान और अधिकार के स्तर पर अस्पष्ट स्थिति में रहते हैं। उत्तर प्रदेश में ऐसा ही एक समूह है-वनटांगिया समुदाय, जो मुख्यतः महाराजगंज एवं गोरखपुर क्षेत्र के जंगलों में बसता है। इनका मुख्य कार्य जंगलों में विशेष पद्धति से साखू के पेड़ लगाना था। यह स्पष्ट नहीं है कि ये समुदाय कब और कैसे इस क्षेत्र में आए, परंतु इतना निश्चित है कि अंग्रेजी शासन के समय से ही ये इस कार्य से जुड़े रहे हैं। लंबे समय तक यह समुदाय प्रशासनिक और सामाजिक दृष्टि से उपेक्षित रहा है। लंबे समय तक उनकी जमीन भी उनकी अपनी नहीं थी। जिन बस्तियों में वे रहते थे, उन्हें वैध मान्यता प्राप्त नहीं थी। उन्हें मतदान का अधिकार भी प्राप्त नहीं था और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ व्यवस्थित रूप से मिल पाता था। जब किसी समुदाय की पहचान और निवास का वैध आधार ही न हो, तब विकास की योजनाएं भी उन तक पहुंच नहीं पातीं। योगी आदित्यनाथ ने संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ी तब वनटांगिया गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिला और उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ। फिर सरकारी आवास योजनाएं, पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य कल्याणकारी नीतियां उन तक पहुंचने लगीं। इस प्रकार वे धीरे-धीरे विकास की धारा से जुड़ सके और उन्हें लोकतांत्रिक सम्मान भी प्राप्त होने लगा।

वास्तव में समाज में ऐसे कई समूह हैं, जो दो स्थापित कोटियों के बीच स्थित हैं और जिनकी पहचान पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। किसी भी संवेदनशील प्रशासन का नैतिक दायित्व है कि ऐसे उपेक्षित और भटके हुए समुदायों की पहचान करे और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़े। इसके लिए आवश्यक है कि हम केवल बनी-बनाई कोटियों के दबाव में न रहें, बल्कि नए सामाजिक अनुसंधानों और अध्ययन के माध्यम से समाज की जटिल वास्तविकताओं को समझने का प्रयास करें।

# लाल आतंक पर पूर्ण विराम

*केंद्र और राज्यों के बीच खुफिया जानकारियों को साझा करने के अलावा विभिन्न मोर्चों पर सहयोग ने सुरक्षा बलों को अधिक सक्षम बनाया। इसके जरिये माओवादियों से जुड़ी सटीक सूचनाएं हासिल कर उन्हें सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई ने खूंखार समझे जाने वाले माओवादी नेतृत्व को जहां आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया, वहीं नई भर्तियों को हतोत्साहित किया। माओवादियों की मुख्यधारा में वापसी के बाद पुनर्वास के लिए अनुकूल नीतियां भी तैयार कीं। पुनर्वास योजनाओं से भविष्य के प्रति आश्वस्ति भाव ने भी माओवादियों के बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण में अहम भूमिका निभाई। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के चुनाव में ही भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद के खात्मे का वादा किया था। सत्ता संभालने के बाद इस दिशा में प्रयास भी आरंभ हुए, लेकिन उसमें निर्णायक तेजी अमित शाह के गृहमंत्री बनने के*

मोदी सरकार ने 31 मार्च 2026 तक देश को माओवाद से मुक्त करने का वादा किया था। यह तारीख आज एक इतिहास बनने जा रही है, क्योंकि तमाम संकेत यही बताते हैं कि मोदी सरकार ने अपना यह वादा करीब-करीब पूरा कर दिया है। करीब-करीब इसलिए, क्योंकि कोई भी समस्या अंकगणित का सवाल नहीं होती, जिसे हल करके उसका आखिरी जवाब निकाला जा सकता है। माओवाद के रूप में सरकारी तंत्र जिसे वामपंथी उग्रवाद कहता रहा है, दरअसल वह एक ऐसी विचारधारा से प्रेरित है जो मानती आई है कि कि सत्ता की राह बारूद से निकलती है।



कुछ साल पहले तक माओवादी हिंसा का आतंक ऐसा था कि उसके सामने सरकारें लाचार दिखती थीं। दिनदहाड़े रेल पटरियां उड़ा देना, झीरन घाटी में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूरे नेतृत्व का सफाया, बस्तर में 72 सीआरपीएफ जवानों को उड़ा देना मामूली घटनाएं नहीं कही जा सकतीं। उस दौर में देश के करीब एक तिहाई जिलों तक लाल आतंक का असर था। इस वजह से इन जिलों को आम प्रशासनिक भाषा में लाल गलियारा कहा जाता था। उसके लिए आंध्र के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपति तक के क्षेत्र को प्रतीक के रूप में रेखांकित तक किया जाता था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जब मार्च 2026 तक देश को माओवाद से मुक्ति दिलाने की समयसीमा तय की तो इसे लेकर संदेह भी जताए गए, पर केंद्र की दृढ़ इच्छाशक्ति और जीरो टालरेंस वाली नीति के परिणाम सबके सामने हैं। इस सफलता में राज्यों के सहयोग एवं समन्वय को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। केंद्र और राज्यों के बीच खुफिया जानकारियों को साझा करने के अलावा विभिन्न मोर्चों पर सहयोग ने सुरक्षा बलों को अधिक सक्षम बनाया। इसके जरिये माओवादियों से जुड़ी सटीक सूचनाएं हासिल कर उन्हें सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई ने खूंखार समझे जाने वाले माओवादी नेतृत्व को जहां आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया, वहीं नई भर्तियों को हतोत्साहित किया। माओवादियों की मुख्यधारा में वापसी के बाद पुनर्वास के लिए अनुकूल नीतियां भी तैयार कीं। पुनर्वास योजनाओं से भविष्य के प्रति आश्वस्ति भाव ने भी माओवादियों के बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण में अहम भूमिका निभाई।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के चुनाव में ही भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद के खात्मे का वादा किया था। सत्ता संभालने के बाद इस दिशा में प्रयास भी आरंभ हुए, लेकिन उसमें निर्णायक तेजी अमित शाह के गृहमंत्री बनने के बाद आई। इसका ही परिणाम रहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या जहां साल 2014 में 126 थी, जो 2025 में घटकर 11 ही रह गई। एक दशक पहले जहां माओवाद से 'सर्वाधिक प्रभावित' जिलों की संख्या 36 थी, वह घटकर केवल तीन रह गई है। वर्ष 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान माओवादी हिंसा के मामलों में लगभग 53 प्रतिशत की कमी आई। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों की मौतें भी करीब 73 प्रतिशत और आम नागरिकों की मौतों की संख्या में करीब 70 प्रतिशत कमी हुई हैं। सिर्फ 2024-25 में ही लगभग 2,900 माओवादियों ने समर्पण किया। जबकि सुरक्षा बलों ने 1,900 से ज्यादा माओवादियों को गिरफ्तार किया। इसी साल सुरक्षा बलों के अभियान में 600 से अधिक माओवादी मारे गए। खूंखार माओवादी रहे 28 शीर्ष नेताओं को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया। इनमें सीपीआइ-माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू, इसी पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य पतिराम मांझी और गणेश उइके जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। माना जाता है माओवादी कमांडरों के मारे जाने के बाद कैडर का मनोबल टूट गया। कभी लाल झंडे तले माओवादी शासन स्थापित करने की उम्मीद रखने वाली वैचारिक धारा के समर्थकों को समर्पण में ही भला नजर लगने लगा।

# जनगणना का शुभारंभ

अंततः 2021 में होने वाली जनगणना अब शुरू होने जा रही है। गोपनीयता के नए नियमों के साथ यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसके साथ ही एक विशेषता यह भी है कि पहली बार इसे दो चरणों में पूरा किया जाएगा। डिजिटल जनगणना का विशेष महत्व इसलिए और है, क्योंकि यह संसाधनों के साथ समय की भी बचत करेगी। डिजिटल जनगणना पारंपरिक कागज-पत्रों के स्थान पर मोबाइल एप, वेब पोर्टल और वास्तविक समय की निगरानी का उपयोग करके की जाएगी। इससे एक तो जनगणना का विवरण तेजी के साथ एकत्रित होगा और दूसरे त्रुटियों को भी कम करने में सहायता मिलेगी। डिजिटल जनगणना होने के कारण ब्योरा



सीधे सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे प्रक्रिया कहीं अधिक तेज एवं सटीक होगी। इस जनगणना की एक खासियत यह भी होगी कि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। लोगों को यह काम नीर-क्षीर ढंग से करना होगा, क्योंकि जनगणना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान जुटाए गए विवरण को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। स्वतंत्रता के बाद होने जा रही आठवीं जनगणना की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि यह डिजिटल रूप में होगी, बल्कि इसलिए भी है कि स्वतंत्र भारत में पहली बार जातियों का विवरण भी एकत्र किया जाएगा। स्पष्ट है कि इस जनगणना के माध्यम से देश की सामाजिक-आर्थिक एवं जातीय स्थिति की अपेक्षाकृत अधिक परिपूर्ण तस्वीर सामने आएगी, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि जातीय जनगणना एक ओर जहां विभिन्न जातियों के संख्याबल को सामने रखेगी, वहीं दूसरी ओर कई धारणाओं को ध्वस्त करने का भी काम करेगी, क्योंकि अलग-अलग जातीय समूहों ने अपने संख्याबल अथवा अपनी आर्थिक-सामाजिक स्थिति को लेकर अलग-अलग दावे कर रखे हैं। इन दावों पर पूरी तरह इसलिए भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश में 1931 के बाद जातिगत जनगणना हुई ही नहीं। यह मानना सही नहीं होगा कि जातियों की जो संख्या और स्थिति करीब सौ वर्ष पहले थी, वह आज भी है। एक दृष्टि से यह अच्छा ही है कि जनगणना के साथ ही जातियों का ब्योरा भी सामने आ जाएगा, लेकिन इसकी आशंका भी है कि इस ब्योरे के आधार पर कहीं जातिवाद की राजनीति बेलगाम न हो जाए।



# सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूक गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है।

### इस जॉनर में अभिनय करेंगे अभिषेक बच्चन

'किंग' फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है।

### फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के टीजर में शाहरुख खान एक्शन अंदाज में नजर आए थे।

### रोल में एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं अभिषेक

अभिषेक बच्चन के पास एक और फिल्म है, जिसे रितेश देशमुख ने निर्देशित किया है। फिल्म का नाम 'राजा शिवाजी' है। यह एक ऐतिहासिक फिल्म है जो छत्रपति शिवाजी महाराजा पर होगी। अभिषेक बच्चन की पिछली फिल्म 'कालीधर लापता' थी, यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म के लिए अभिषेक को काफी सराहा गया था।



# आलिया और अनुष्का शर्मा से लेकर प्रियंका तक, इन अभिनेत्रियों ने किया फिल्म का निर्माण

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'डोंट बी शाय' की घोषणा की है। 'डोंट बी शाय' का निर्माण आलिया खुद कर रही हैं। इससे पहले भी आलिया कई फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं। जानिए उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्होंने अभिनय के बाद फिल्म निर्माण में कदम रखा है।

### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट ने अपनी नई फिल्म 'डोंट बी शाय' की घोषणा की है। आलिया ने मुंबई में एक कार्यक्रम में बताया कि वह अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर फिल्म 'डोंट बी शाय' का निर्माण करेंगी। आलिया भट्ट ने अपनी नई फिल्म 'डोंट बी शाय' की घोषणा कर फैंस को खुश कर दिया है। इससे पहले उन्होंने 'डार्लिंग्स' और 'जिग्रा' जैसी फिल्मों का भी सह-निर्माण किया है।




### दीपिका पादुकोण

दीपिका का प्रोडक्शन हाउस अच्छी और समाज को मैसेज देने वाली कहानियां बनाने पर जोर देता है। उन्होंने 'छपाक' से शुरुआत की और फिर '83' जैसी बड़ी फिल्म बनाई। 2026 में भी दीपिका कई बड़ी फिल्मों का निर्माण कर सकती हैं।

### प्रियंका चोपड़ा जोनस

प्रियंका ने अपनी निर्माण कंपनी बनाई ताकि छोटी-बड़ी और क्षेत्रीय फिल्मों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने 'वेंटिलेटर' जैसी पुरस्कार जीतने वाली फिल्म से लेकर 2026 की हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' तक काम किया है। वह अलग-अलग तरह की कहानियों को बड़ा प्लेटफॉर्म देती हैं।



### अनुष्का शर्मा

अनुष्का ने 2013 में 'क्लीन स्लेट' फिल्म्स शुरू की थी। उन्होंने 'NH10' और 'पाताल लोक' जैसी अच्छी फिल्मों का निर्माण किया है। 2022 के बाद उन्होंने प्रोडक्शन की जिम्मेदारी कम कर दी, लेकिन उनका बैनर अभी भी अच्छी और अलग तरह की फिल्में बना रहा है।





# एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं अजय देवगन

**अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों 'दृश्यम 3' और 'गोलमाल 5' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उनकी एक और आगामी फिल्म को लेकर दिलचस्प खबर सामने आई है। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने 'सरदारजी' फ्रेंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है।**

अजय देवगन 'भूत' (2003) और 'काल' (2005) जैसी हॉरर फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। अब कथित तौर पर एक्टर एक बार फिर हॉरर मूवी में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अजय देवगन ने हॉरर फिल्म के लिए रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। फिलहाल मेकर्स इस प्रोजेक्ट के प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कुमार मंगत हैं और फिलहाल वे इसे एक हाई कॉन्सेप्ट के रूप में बनाने की तैयारी में हैं।


### कास्टिंग पर चल रहा है काम

फिलहाल प्रोजेक्ट का नाम तय नहीं है। कहा जा रहा है कि इसमें एक बोल्ड, हाई-कॉन्सेप्ट वाली डरावनी कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्र ने कहा कि यह फिल्म पारंपरिक हॉरर फिल्मों से अलग होगी। फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर लंदन में होगी। फिल्म के लिए कास्टिंग का काम भी चल रहा है। टीम ऐसे कलाकारों को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है, जो अजय देवगन की दमदार ऑन-स्क्रीन मौजूदगी को और भी निखार सकें। हॉरर जॉनर में अजय देवगन की वापसी की खबर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो जुलाई से फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। अजय देवगन के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे इन दिनों 'गोलमाल 5' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म साल 2027 में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# प्रियदर्शन ने बताया क्यों 'धुरंधर द रिवेंज' से खास है 'भूत बंगला'

**आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर -2' अनुमान के मुताबिक ही कमाई कर रही है। इसी वजह से कई मेकर्स ने अपनी रिलीज डेट भी आगे बढ़ा दी थी। मगर फिल्म भूत बंगला के लिए फिल्म मेकर प्रियदर्शन पूरी तरह आश्वस्त हैं। उनका कहना है कि फिल्म पूरी तरह पारिवारिक है।**




### 'धुरंधर 2' से कोई मुकाबला नहीं

'धुरंधर 2' की तगड़ी कमाई के बाद अब दूसरी फिल्म अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी 'भूत बंगला' भी जल्द रिलीज होने वाली है। जिसे लेकर प्रियदर्शन को फिल्म की कमाई पर कोई संदेह नहीं है। हाल ही में पीटीआई को दिए अपने इंटरव्यू में फिल्ममेकर ने खुलकर अपनी आगामी फिल्म की जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि 'धुरंधर 2' को आक्रामक सीन्स की वजह से बच्चों के साथ नहीं देख सकते मगर 'भूत बंगला' एक ऐसी फिल्म है जिसे आप बच्चों के साथ भी देख सकते हैं।

### क्यों बनाते हैं सिर्फ कॉमेडी फिल्में

निर्देशक प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ कई फिल्में की हैं। जिनमें हेरा फेरी, गरम मसाला और भूल भुलैया जैसी फिल्में हिट रही हैं। उन्होंने अपनी बातचीत में कहा, 'मैं सोचता हूं कि लोग अलग-अलग कहानियां देखना पसंद करते हैं। 'भूत बंगला'पूरी तरह से एक मनोरंजक फिल्म है। जो लोगों की रूचि और उनका मन लगा कर रखेगी। हमने फिल्म में किसी भी तरह का कोई डबल मीनिंग वाला शब्द नहीं रखा है। जिससे फिल्म को बच्चों के साथ भी देखा जा सकता है। इस बात को मैंने अपने करियर की शुरूआत से एक आदर्श बना कर रखा है। मैं इंटेंस ड्रामा वाली फिल्में बनाने से बचता हूं।'

### 'भूत बंगला' जल्द होगी रिलीज

'भूत बंगला' को लेकर प्रियदर्शन ने बताया कि इस फिल्म में भी कई ऐसे सीन हैं जो बेहद तनावपूर्ण हैं, लेकिन इसमें कई कॉमेडी सीन भी हैं। तो यह एक अच्छा संयोजन है। लोगों को दोनों पसंद आते हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, तब्बू, वामिका गब्बी, मिथिला पालकर, राजपाल यादव और असरानी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'भूत बंगला' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# संजय दत्त की 'आखिरी सवाल' 15 मई को होगी रिलीज



**एक तरफ जहां संजय दत्त की नई फिल्म 'आखिरी सवाल' की रिलीज डेट सामने आ गई है, वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की रिलीज आगे खिसक गई है। अब वन की रिलीज डेट पर 'आखिरी सवाल' आएगी और 'वन' 28 अगस्त को रिलीज होगी।**

'धुरंधर 2' में चौधरी असलम के किरदार से गर्दा उड़ाने के बाद संजय दत्त अब नई फिल्म 'आखिरी सवाल' में नजर आएंगे, जिसका नया पोस्टर सामने आया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। दूसरी ओर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की नई रिलीज डेट भी सामने आई है। पहले यह फिल्म 15 मई को थिएटर्स में आने वाली थी, पर अब यह आगे खिसका दी गई है। अब इसकी जगह 15 मई को संजय दत्त की 'आखिरी सवाल' रिलीज होगी। यहां दोनों फिल्मों की कहानी और रिलीज डेट से जुड़ी सारी जानकारी दे रहे हैं:

### 'आखिरी सवाल' के नए पोस्टर में संजय दत्त

सबसे पहले बात 'आखिरी सवाल' की। फिल्म की पहली झलक सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच इसे लेकर खलबली मच नए पोस्ट और रिलीज डेट ने तहलका मचा दिया है। 'आखिरी सवाल' 15 मई को थिएटर्स में रिलीज होगी। इसे नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर अभिजीत मोहन वारंग ने डायरेक्ट किया है। 'आखिरी सवाल' में आजादी से पहले के दौर की अनकही सच्चाइयों को पहली बार दिखाया जाएगा। 'आखिरी सवाल' के पोस्टर में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है, जिसे फिल्म में दिखाया जाएगा। एक बड़े 'क्वेश्चन मार्क' के बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इसकी टैगलाइन इसे और भी दमदार बनाती है, और वो है- वो सवाल जो भारत ने पूछना कभी बंद नहीं किया। यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है, जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है।


'आखिरी सवाल' में RSS के सफर की भी कहानी

इसके अलावा, 'आखिरी सवाल' दर्शकों के सामने भारत के सबसे पुराने और एकजुट संगठनों में से एक- RSS के 100 साल के सफर की सच्ची कहानी भी बताएगी। इसकी स्थापना साल 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। दर्शकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग देखने को मिलेगी, जिसने भारत के भविष्य को बदल दिया। यह फिल्म इतिहास की उन कहानियों से कहीं आगे जाएगी, जो हमारी किताबों में भी नहीं मिलतीं। यह राष्ट्र के लिए निस्वार्थ सेवा के मूल विचार पर रोशनी डालती है और दर्शकों को उन सच्चाइयों से रूबरू कराने का वादा करती है जो अब तक अनकही और अनदेखी रही हैं।


'आखिरी सवाल' में संजय दत्त के अलावा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे स्टार्स हैं। जबकि प्रोड्यूसर निखिल नंदा और संजय दत्त हैं।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'वन' 28 अगस्त को होगी रिलीज

अब बात सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की' की। यह एक फोक थ्रिलर है, जो पहले 15 मई को रिलीज होने वाली थी, पर अब 28 अगस्त को रक्षाबंधन के मौके पर थिएटर्स में दस्तक देगी। इसकी जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने x पर एक ट्वीट में दी है। 'वन' को अरुणाभ कुमार और दीपक मिश्रा ने डायरेक्ट किया है। वहीं, प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मॉम शोभा कपूर हैं। 'वन' की कहानी प्राचीन लोक कथाओं और भारत के मंदिरों पर आधारित बताई जाती है। फिल्म की शूटिंग रियल लोकेशंस पर की जा रही है, जिसमें मध्य भारत के घने जंगल भी शामिल हैं।



## भागवत भक्ति के द्वारा प्रभु में विलीन होना का मार्ग - धर्मेंद्र कीलक



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस.)।** निकटवर्ती ग्राम लोडसर में पूर्णाराम मूलाराम नोजल के परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने कहा कि भागवत कथा द्वैत-अद्वैत का समन्वय करते हुए आत्मा को भक्ति के द्वारा प्रभु में विलीन होने का मार्ग दिखाता है। कीलक ने लोढसर में नोजल परिवार द्वारा करवाई जा रही भागवत कथा की पहल को सराहनीय बताया।इस दौरान नोजल परिवार ने धर्मेंद्र किलक का दुपट्टा व साफ़ा पहनाकर अभिनंदन किया।इस अवसर पर लोढसर प्रशासक कन्हैयालाल शर्मा, समाजसेवी सुभाष बेदी, लक्ष्मणराम दूधवाल, सुखदेव शर्मा, त्रिलोकचंद दूधवाला, भंवरलाल ढाका, जीवनराम भंवरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अर्पिता शर्मा बीकानेर में हुई सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अर्पिता शर्मा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए बीकानेर खांडल विप्र परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। संस्था के अध्यक्ष रमेश सेवदा ने बताया कि अर्पिता शर्मा लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने शिक्षा, सेवा और समाज कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अर्पिता शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में विकास सेवदा, कपिल पीपलवा, रवि नवहाल, डॉ. अर्चना शर्मा, बिंदु, दृष्टि पीपलवा, तरुण सहित अनेक णमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एचआरडी के होनहारों ने किया कमाल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें स्थानीय मेगाहाईवे स्थित एचआरडी स्कूल के होनहारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार अंक हासिल किए हैं। संस्था निदेशक धर्मराज बटेसर ने बताया कि विज्ञान वर्ग में कृष्ण कुमार नायक ने 92.8 प्रतिशत, आर्ट्स में हर्षवर्धनसिंह ने 91प्रतिशत, विज्ञान में राहुल प्रजापत ने 90.2, मिनाक्षी दाधीच ने 90.6, अम्बिका शर्मा ने 89.6, कृष्ण जांगिड़ ने 89.6 प्रतिशत, माया भामू ने 89.8, रानु प्रजापत ने 88.80 प्रतिशत अं हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं संस्था निदेशक ने विद्यालय के स्टाफ और बच्चों की मेहनत को सराहनीय बताते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 17 अप्रेल को सुजानगढ में होगा "बोल गुर्जर मन की बात" कार्यक्रम

## कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला को पुण्य तिथि पर दी गुर्जर समाज ने श्रद्धांजली

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के प्रणेता स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर देवनारायण मंदिर में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा में तय किया गया है कि सुजानगढ़ गुर्जर समाज "बोल गुर्जर मन की बात.... कार्यक्रम 17 अप्रेल को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के पुत्र व गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला सम्बोधित करेंगे। देवनारायण भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा गुर्जर समाज व भाजपा नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि पर समाज के लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कर्नल बैंसला के बहुआयामी व्यक्तित्व को याद किया। उन्होंने सेना में रहते हुए चीन और पाकिस्तान के खिलाफ युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही गुर्जर समाज के उत्थान और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव व स्थानीय गुर्जर समाज अध्यक्ष नरेन्द्र गुर्जर ने स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को नमन करते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, शिक्षित बेटी, कर्ज एवं कुरीति मुक्त समाज की आवाज़ बुलन्द करने वाले युग पुरूष कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला ने समाज को नई दिशा दी। प्रदेश सचिव नरेन्द्र ने कहा कि बैंसला का मानना था कि समाज की एक पढ़ी- लिखी बेटी 100 शिक्षकों के बराबर है। साथ ही क़र्ज़ में डूबा समाज भी कई पीढ़ियों का विनाश करता है। इसलिए समाज से 15 साल की इमरजेंसी लगाकर फालतू के खर्चों को छोड़कर केवल शिक्षा और स्वास्थ्य पर ही खर्च करें । अध्यक्ष नरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि सुजानगढ़ गुर्जर समाज बोल गुर्जर मन की बात कार्यक्रम 17 अप्रैल को भारत माता चैक में आयोजित करेगा, जिसमें मुख्य अतिथि कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला के पुत्र व गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला रहेंगे। सभा में विजय सिंह सराधना, मदन लाल भडाणा, सोहनलाल हाकला, गोविन्द, मदनलाल गुर्जर, श्रवण, जगदीश मिढका, बजरंग सिराधना, रामनिवास बारवाल, मांगीलाल पोसवाल, मनसुख खटाणा, राजकुमार छावडी, ओमप्रकाश चैहान, रामेश्वरलाल सिराधना, सांवरमल हाकला, शंकरलाल लीलू, चैनरूप लीलू, जगदीश सिराधना, हेमन्त सिराधना, सुरेश लीलू, मदनलाल बोकण, आनन्द बोकण, सुशील लीलू, देव कृष्णा चेची, मनोज बोकण, पुखराज लीलू, करण गुर्जर, मनीष गुर्जर सहित अनेक समाजबन्धु मौजूद रहे, जिन्होने स्व. बैंसला को श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन अजय सिराधना ने किया।

## चार दशक की निष्कलंक व समर्पित सेवा का हुआ भव्य सम्मान

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** सेवा, समर्पण और सादगी की मिसाल बने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ एसोसिएट विजय कुमार रिंगसिया ने सोमवार को चार दशक की गौरवपूर्ण बैंकिंग यात्रा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह भावनाओं, सम्मान और आत्मीयता का अद्भुत संगम बन गया।मंच पर पहुंचे रिंगसिया जब अपने अनुभव साझा कर रहे थे, तो शब्दों से अधिक उनकी भावनाएं बोल रही थीं। गला रुंधा हुआ था, आंखों में नमी थी और स्वर में अपनापन। इस दौरान उन्होंने कहा, 'लक्ष्मणगढ़ ने मुझे सिर्फ कार्यस्थल नहीं, एक परिवार दिया है। यहां का हर व्यक्ति मेरे दिल के बेहद करीब है, यह रिश्ता जीवनभर अटूट रहेगा।' समारोह में बैंक प्रबंधक सुनीत गोदारा सहित अनिल सैनी, जयंत भाटीवाल, सरोज सैनी एवं अन्य साथियों ने विजय रिंगसिया को शॉल, साफा, माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके उत्कृष्ट कार्यकाल, ईमानदारी और सहज व्यवहार को याद करते हुए उन्हें बैंकिंग जगत का सच्चा कर्मयोगी बताया।इसके पश्चात निकला भव्य अभिनंदन जुलूस पूरे शहर के लिए एक यादगार पल बन गया। मुख्य मार्गों से गुजरते हुए जुलूस का जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत हुआ। करीब एक दर्जन से अधिक सामाजिक संस्थाओं ने माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया, मानो पूरा लक्ष्मणगढ़ अपने प्रिय रिंगसिया को विदा देने उमड़ पड़ा हो। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने व्यापारी, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, शिक्षाविद, बैंक कर्मी एवं कस्बे के गणमान्य नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि रिंगसिया न केवल एक कुशल अधिकारी रहे, बल्कि उन्होंने अपने व्यवहार से हर दिल में विशेष स्थान बनाया।

## आजादी से रेल विस्तार को तरसता सरदारशहर, क्षेत्र की राजनीति पर पर उठाए सवाल, रेल विस्तार बनी क्षेत्र की बड़ी मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में आजादी के बाद रेल विस्तार की अनेक आंदोलनों के तहत क्षेत्र वासियों ने मांगे उठाई। लेकिन सरदारशहर क्षेत्र के लोगों को कभी भी रेल विस्तार की खुशियां नहीं मिली है। क्षेत्र वासियों ने क्षेत्र की राजनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि रेल का विस्तार नहीं होने के कारण बताएं है। रेल विस्तार संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्र में रेल विस्तार की मांग को लेकर अनेक आंदोलन किए गए। केंद्र सरकार व राज्य सरकार के अनेक बजट पारित हो गए। लेकिन सरदारशहर क्षेत्र की रेल विस्तार का कहीं कोई जिक्र नहीं होने से क्षेत्र की जनता को निराशा ही हाथ लगती हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गांधी चौक पर रेल विस्तार की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्र वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर रेल विस्तार की मांग की है। रेल विस्तार संघर्ष समिति के एडवोकेट मानकचंद भाटी ने बताया कि सरदारशहर क्षेत्र में रेल विस्तार की मांग को लेकर अनेक आंदोलन किए गए। लेकिन क्षेत्र की राजनीति में कभी भी किसी नेता ने क्षेत्र में रेल विस्तार की मांग को पूरे जोर-शोर से नहीं उठाया। इसी कारण आज तक क्षेत्र में रेल का विस्तार नहीं हो सका। क्षेत्र में आज के समय में रेल विस्तार की एक बड़ी आवश्यकता क्षेत्र की जनता को चाहिए। हर बार नेताओं द्वारा आश्वासन दिया जाता है। लेकिन क्षेत्र की बड़ी मांग पूरा करने के लिए कोई भी नेता का इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लेकिन हमारे द्वारा आंदोलन शुरू किया गया है। जब तक रेल विस्तार की मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर शोभाकांत स्वामी, एडवोकेट माणकचंद भाटी, महेंद्र देरासरी, जितेंद्र स्वामी, लालचंद मुंड, परमेश्वरलाल दूबे, हुलासमल व्यास, तेजपाल चौधरी, अभिषेक पारीक, लाल बहादुर सेवदा, विकास परीक, संपतराम जांगिड़ सहित अनेक क्षेत्र के लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर रेल विस्तार की मांग की है।

## पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विद्या भारती द्वारा संचालित स्थानीय श्रीपुरुषोत्तम गाड़ोदिया शिशु वाटिका आदर्श विद्या मंदिर स्कूल का सामूहिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वीणा भोजक, विशिष्ट अतिथि निधि मोदी, राज रानी व्यास, विद्यालय व्यवस्थापक आदित्य कन्दोई ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का परिचय सरोज प्रजापत ने करवाया। कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। शाला प्रधानाचार्य शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज की सफलता से उच्चतम सफलता अर्जित कर सकते हैं। परीक्षा प्रभारी नैना शर्मा ने परीक्षा परिणाम को उच्चतम बताया। व्यवस्थापक रामावतार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पवन, सुरेश, दीपक, अजीत सिंह, खुशबू प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## विज्ञान वर्ग में एमजीजीएस का शत-प्रतिशत परिणाम, पलक पाराशर अव्वल

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में शहर के वार्ड नंबर 10 में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम), ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।प्रधानाचार्य प्रमील कुमार ने बताया कि छात्रा पलक पाराशर ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मधु कुमावत ने 93.6 प्रतिशत, दीक्षा सैनी ने 93 प्रतिशत, अक्षत वर्मा ने 92.6 प्रतिशत एवं कोमल ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।उन्होंने बताया कि विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा एवं प्रधानाचार्य प्रमील कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की एसडीएमसी व एसएमसी सदस्यों ने भी प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

## महावीर जयंती पर निकाली महावीर संदेश यात्रा, यात्रा में महावीर संदेश के लगाएं नारे



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में महावीर जन्मोत्सव विशाल शोभायात्रा का आयोजन सभा द्वारा किया गया। जिसमें सभी संस्थाएं सम्मिलित हुई। रैली मघवा स्मारक से तेरापंथ भवन तक निकाली गई। तेरापंथ भवन में महावीर जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें सभी संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रावक, वरिष्ठ गणमान्य जन उपस्थित रहे। संस्थानों में सभा अध्यक्ष राजेश बुच्चा, महिला मंडल अध्यक्ष शांति चिंडालिया, योग परिषद अध्यक्ष मोहित अंचलिया, अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली, सभा के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ चिंडालिया, योग परिषद पूर्व अध्यक्ष लोकेश सेठिया, ज्ञानशाला प्रभारी सोम दूगड़, सभा के मंत्री राजीव दुगड़, योग परिषद उपाध्यक्ष धीरज दुग्गल, युवक परिषद मंत्री विशाल बोर्ड, सुबोध सेठिया, गुलाबचंद नाहटा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## चूरू में सूंटे के साथ गिरे बेर के आकार के ओले

**चूरू(निसं.)।:** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती कस्बे रतननगर व ग्राम ढ़ाणी लाल सिंह पुरा सहित आसपास के कई गांवों में मंगलवार दोपहर बाद सूंटे के साथ लगभग 5 मिनट तक ओले गिरे। तेज बारिश के बाद आए सूंटे के साथ बेर के आकार के ओले गिरे। ओले गिरने से एक बारगी वाहनों के पहिए थम गए। ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलो को काफी नुकसान हुआ है, जिससे की किसानों को निराशा हाथ लगी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 6989-7004 दिनांक :- 25/03/2026

**ई-निविदा सूचना संख्याः 60/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http// dipr. rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp// eproc. rajasthan.gov.in http// www.pwd. rajajasthan. gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD2526A6296

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB26282 | 2. | PWD2526WSOB26283 |
| 3. | PWD2526WSOB26284 | | |

DIPR/C/6196/2026

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी-2281-2285 दिनांक : 23.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 39/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण एवं भूमि अवाप्ति कार्य कुल 02 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A6266 के UBN No. निम्नप्रकार है

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB26182 | 2. | PWD2526WSOB261823 |

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि. वि. खण्ड - तारानगर

DIPR/C/6313/2026


## जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को साहित्य अकादेमी पुरस्कार

### कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए देश के प्रतिष्ठित साहित्य पुरस्कार से हुए सम्मानित

### नई दिल्ली स्थित रवींद्र भवन में आयोजित भव्य समारोह में किया गया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/नई दिल्ली,** जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को राजस्थानी भाषा में लिखे उनके चर्चित कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए देश के प्रतिष्ठित साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष 24 भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यिक कृतियों के लिए प्रदान किया जाता है और इसे देश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मानों में गिना जाता है। नई दिल्ली स्थित रवींद्र भवन के कमानी सभागार में आयोजित भव्य समारोह में साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने डॉ. सोनी को एक लाख रुपये का चेक, स्मृति चिह्न एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार विश्वनाथ प्रसाद तिवारी रहे, जबकि अतिथियों का स्वागत साहित्य अकादेमी की सचिव पल्लवी प्रशांत होळकर द्वारा किया गया। समापन वक्तव्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने दिया। इस अवसर पर साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि विविध भारतीय भाषाओं में पुरस्कार प्रदान करने से भारतीय साहित्य की एकात्म भावना सशक्त रूप से सामने आती है। उन्होंने कहा कि सम्मानित सभी साहित्यकार देश की 24 भाषाओं की समृद्ध साहित्यिक परंपरा के प्रतिनिधि हैं और अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को समृद्ध करने का कार्य कर रहे हैं। यह आयोजन एक प्रकार से उस ऋषि ऋण को उतारने का प्रयास है, जिसे कोई एक व्यक्ति नहीं बल्कि संस्थान ही निभा सकता है। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ संवेदनशील और प्रतिबद्ध साहित्यकार के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। प्रशासनिक दायित्वों की व्यस्तताओं के बीच भी उन्होंने साहित्य सृजन की अपनी साधना को निरंतर जारी रखा है। उनकी लेखनी में समाज, लोकजीवन, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन यथार्थ का सशक्त एवं प्रभावी चित्रण देखने को मिलता है। राजस्थानी और हिन्दी दोनों भाषाओं में सक्रिय डॉ. सोनी कहानी, कविता, डायरी लेखन तथा अनुवाद के क्षेत्र में निरंतर सृजनरत हैं और अब तक उनकी 15 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें पाठकों एवं साहित्यिक समीक्षकों द्वारा व्यापक सराहना प्राप्त हुई है। उनकी चर्चित कृति 'भरखमा' राजस्थानी साहित्य की महत्वपूर्ण रचनाओं में शुमार है, जिसकी कहानियाँ ग्रामीण परिवेश, मानवीय रिश्तों, जीवन संघर्ष और सांस्कृतिक मूल्यों को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करती हैं। इस कृति की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसी पर आधारित राजस्थानी फिल्म 'भरखमा' का निर्माण भी किया जा चुका है, जिसने क्षेत्रीय साहित्य और सिनेमा दोनों को नई पहचान दी है। डॉ. सोनी को इससे पूर्व भी साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। वर्ष 2016 में उनके राजस्थानी कविता संग्रह 'रणखार' के लिए साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली का युवा पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त हिन्दी कविता संग्रह 'रेगमाल' के लिए राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर का 'सुधींद्र पुरस्कार' तथा 'भरखमा' के लिए राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर का 'मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार' सहित अनेक सम्मान उन्हें प्राप्त हुए हैं। 29 नवंबर 1981 को राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के ग्राम धन्नासर में जन्मे डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी वर्तमान में जयपुर जिला कलक्टर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने राजस्थानी और हिन्दी में कहानी, कविता एवं डायरी लेखन के साथ-साथ अनुवाद एवं संपादन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. सोनी को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर राजस्थानी साहित्य जगत में हर्ष की लहर है


मो. - 9828589039, 9414811639

**Office Sazid Khan, Advocate**

**Rajasthan High Court Jodhpur**
**Taranagar District Churu(Raj.)**
JM and ADJ court campus Taranagar
Residance- Ward No. vx Near Jama Masjid, Taranagar
B.A., L.L.B.

**सर्वसाधारण को आवश्यक सुचना**

मेरे मुवक्किल प्रेमानन्द पुत्र चम्पालाल जाति वाल्मिकी निवासी वार्ड नं. 17 वाल्मिकी बस्ती तारानगर जिला चूरू की हिदायतानुसार आम सर्वसाधारण को सूचना दी जा रही है:-

1. यह कि मेरे मुवक्किल का लड़का अनिल कुमार उम्र 31 वर्ष मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी सुमन देवी एवं परिवार के कहने सुनने में नहीं है अपनी मन मर्जी से गलत कार्य करता रहता है इसलिए मेरा मुवक्किल आज दिनांक 23.03.2026 को अपने पुत्र अनिल कुमार को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है तथा आज से पूर्व व भविष्य में मेरे मुवक्किल का पुत्र अनिल कुमार किसी भी व्यक्ति के साथ रूपयों का कोई लेन देन व संव्यवहार किया है या करेगा तो मेरे मुवक्किल व उसके परिवार वालो तथा नातेदारों की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। जिसका जिम्मेदार अनिल कुमार होगा चुंकि मेरे मुवक्किल का पुत्र अनिल कुमार आवारा व बदमाश लोगों की संगत रहकर आवारागर्दी करता है मेरे मुवक्किल का आज से अपने पुत्र अनिल कुमार से कोई संबंध (रिश्ता) नहीं रहा है।

2. यह कि मेरे मुवक्किल का पुत्र अनिल कुमार नाजायज काम करता है तथा मेरे मुवक्किल उसके परिवार के कहने में नहीं चलता है और अपनी मन मर्जी से चलता है इस बाबत उसे टोकते है तो वह कहता है कि मैं अपनी मर्जी से चलूंगा इसलिए वह मेरे मुवक्किल व उसके परिवार वालों तथा उसके नातेदारों के कहने में नहीं है इसलिए मेरा मुवक्किल अपने पुत्र अनिल कुमार को समस्त जमीन जायदाद तथा चल व अचल सम्पति में से बेदखल करता है आज के बाद मेरे मुवक्किल का पुत्र अनिल कुमार किसी भी व्यक्ति या बैंक से ऋण प्राप्त करता है तो उसकी किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी मेरे मुवक्किल, मेरे मुवक्किल के परिवार व उसके नातेदारों नहीं होगी स्वयं अनिल कुमार व उसके साथ संव्यहार करने वाला जिम्मेदार होगें।

सूचित हो !
स्थान : तारानगर

भवदीय
साजिद खान, एडवोकेट,
तारानगर जिला चूरू

## सोठाना स्कूल में कार्यकारिणी की अहम बैठकः नए सत्र की योजनाओं पर मंथन, गतिविधियों की हुई गहन समीक्षा



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** स्थानीय संघ विराटनगर के वार्षिक कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोठाना में कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान रवि मीणा ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आगामी सत्र 2026-27 के कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नए आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य प्रभारी एवं सहायक जिला कमिश्नर विराटनगर रामेश्वर प्रसाद जाट अपने स्टाफ सहित उपस्थित रहे। साथ ही सचिव फूलचंद मीणा, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, सहायक सचिव हीरालाल स्वामी, चन्द्रपाल रातावाल, नत्थुराम यादव, रामगोपाल सैनी, विनोद कुमार कुम्भावत, विक्रम कुमावत एवं रजनीश कुमावत सहित कई पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी सत्र में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## टेली लॉ जागरूकता सेमिनार का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** चौमूं शहर में सीएससी ई- गवर्नेस के तत्वावधान में टेली लॉ जागरूकता के सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि टेली लॉ सीएससी के माध्यम से कैसे कानूनों की जानकारी ले सकते है। टेली लॉ के माध्यम से आप स्वयं का निःशुल्क वकील सलाहकार के माध्यम से खुद को जागरूक रख सकते है। जागरूकता सेमिनार में राजस्थान प्रोजेक्ट प्रबन्धक सीएससी ई गवर्नेस भवानी, नरेंद्र जिला प्रबन्धक, कौशल कुमार योगी निर्देशक रामायणा कंप्यूटर क्लासेज, राजेश गुर्जर निर्देशक गुरु कृपा क्लासेज, रितिक व सीएससी संचालक उपस्थित रहे।

## एक अप्रैल से सरकारी हॉस्पिटलों, विद्यालयों के समय में बदलाव,

### हॉस्पिटलों का समय 8 से 2 बजे तक, विद्यालयो का समय 7:30 से 1 बजे तक रहेगा




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** चौमूं उपखंड क्षेत्र में एक अप्रैल से सरकारी हॉस्पिटल और निजी व सरकारी विद्यालय के समय में परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्यार्थियों को राहत देने के लिए लिया गया है। चौंमू शहर के उप जिला हॉस्पिटल में ओपीडी का समय एक अप्रैल से प्रातः 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। रविवार और अन्य राजकीय अवकाश के दिनों में अस्पताल का समय 9:00 बजे से 11:00 तक रहेगा। यह व्यवस्था सरकारी हॉस्पिटल में लागू रहेगी। जिससे मरीज को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेगी। जानकारी के अनुसार चौंमू शहर के सरकारी विद्यालय और अनेक निजी विद्यालयों ने भी समय में परिवर्तन किया है। विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से 1:00 तक का समय किया है। प्रधानाचार्य सजनी चौधरी ने बताया गर्मी के मौसम को देखते हुए समय परिवर्तन के अनुसार एक अप्रैल से विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया जाता है। प्रशासन द्वारा लिया गया यह निर्णय सभी की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकेगी।

## कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि पर संकल्प दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** एमबीसी वर्ग के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले समाजसेवी कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि पर मंगलवार को वीर गुर्जर छात्रावास स्थित श्री देवनारायण मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बैंसला के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक योगदान तथा आरक्षण आंदोलन में उनकी भूमिका को याद किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट प्रहलाद भगत एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र अमावता ने 31 मार्च को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्नल बैंसला ने समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया। उन्होंने युवाओं को उनके मूलमंत्र अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी-लिखी मां और कर्जमुक्त समाज को अपनाने तथा इन विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया।



# किड्स गार्डन एआई स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान, भव्य समारोह में झलकी आधुनिक शिक्षा की चमक

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निसं.)।** कस्बे के किड्स गार्डन एआई स्कूल में सोमवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मुकेश सैनी पूर्व सरपंच, टसकोला, राकेश सैनी डायरेक्टर, गुरु इंस्टीट्यूट, डॉ. किशनलाल शर्मा पूर्व प्राचार्य, धर्मपाल सिंह शेखावत, बबली यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य, विकास वर्मा, गोपाल अग्रवाल, परमानंद शर्मा एवं गोकुलचंद यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य संदीप कुमार जैन ने वर्षभर की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार, शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, अनुशासन, उपस्थिति व सक्रियता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 'बेस्ट एक्सीलेंस अवॉर्ड' प्रदान किए गए। वहीं विद्यालय के श्रेष्ठ शिक्षकों को 'बेस्ट फैकल्टी' सम्मान से नवाजा गया। स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस दौरान अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों ने विद्यालय की आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा व नवाचारों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र का उभरता हुआ शिक्षण संस्थान बताया। संस्था निदेशक कमल यादव ने बताया कि विद्यालय एआई आधारित व सीबीएसई पैटर्न पर संचालित क्षेत्र का अग्रणी संस्थान है। प्रथम वर्ष में ही 250 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन संस्था की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, तकनीक, संगीत व अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।अंत में निदेशक ने समस्त स्टाफ का आभार जताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र प्रजापत सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य– सोमवीर मीणा, राम सैनी, कविता यादव, सपना सैनी, अनिता सैनी, सुशमा यादव, प्रियंका चौधरी, पायल, वसीम अकरम, मोमिना बानो, मनोज यादव, राकेश कुमार, धर्मपाल सिंह शेखावत, हरदवारी लाल शर्मा, दिनेश सिंह शेखावत, बलराज सिंह शेखावत, रवि सैनी, एडवोकेट सोनिया सिंह व एडवोकेट किशन यादव मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रा 2026 की यात्रा के पोस्टर का किया विमोचन

जयपुर टाइम्स




**चौंमू(निसं.)।** बाबा अमरनाथ कावडिया संघ चौमूं नगर के तत्वाधान में अमरनाथ यात्रा 2026 का पोस्टर विमोचन आज प्रातः गढ़ गणेश मंदिर में किया गया साथ ही मालेश्वर नाथ मंदिर महंत महेश व्यास ने पोस्टर विमोचन कर कहां की जुलाई मास में आयोजित होने वाली बाबा अमरनाथ की यात्रा हिंदू धर्मालंबियों को जीवन में ये यात्रा एक बार अवश्य करनी चाहिए। साथ ही कावड़िया संघ के द्वारा इस वर्ष आयोजित होने वाली बस के द्वारा सप्तम यात्रा के लिए स्वयं की स्वीकृति प्रदान की अमरनाथ यात्रा संयोजक रमेश देवन्दा ने बताया कि इस वर्ष यात्रा लगभग 5 जुलाई को चौंमू से बस द्वारा रवाना होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू है यात्रा व्यवस्थापक सुरेश गोदारा ने यात्रा मार्ग का विवरण बताए जिसमे अमरनाथ की यात्रा पहलगाम से शुरू होगी साथ ही विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन भी रहेंगे जिसमें कश्मीर में स्थित शंकराचार्य मंदिर लाल चौक हनुमान मंदिर, डल झील, कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर, जम्मू रघुनाथ मंदिर, चीची माता मंदिर अमृतसर, अटारी बॉर्डर इच्छापूर्ण बालाजी, सालासर धाम आदि रहेंगे। पोस्टर विमोचन में बाबा अमरनाथ कावडिया संघ के अध्यक्ष केदार छिपा, महामंत्री पूरणमल सैनी, एडवोकेट कुमार गौरव सैनी, राजेंद्र गुलिया, जितेंद्र सैनी, डॉ. रमेश देवन्दा, रवि सैनी, कमल सैनी, आशीष तांबी, अटल मेठी ,अभिषेक शर्मा, महिला मंडल से कांत गुप्ता पिंकी जिंदल,नीलम छिपा,सुनीता विजयवर्गीय,मधु छिपा आदि उपस्थित थे।

## जयपुर में 'कथाकहन' का छठा संस्करणः तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 3 से 5 अप्रैल तक

### प्रख्यात कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में आयोजन, इस बार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति को समर्पित; देशभर के साहित्यकार होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। 'कथाकहन' नामक तीन दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यशाला का छठा संस्करण 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है। इस बार यह आयोजन जोधपुर में जन्मे हिंदी के विरले कथाकार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति को समर्पित रहेगा। यह कार्यशाला जयपुर के कानोता कैंप के प्राकृतिक और शांत वातावरण में आयोजित होगी, जहां देशभर से साहित्य प्रेमी, लेखक और कथाकार जुटेंगे। कानोता कैंप के संचालक बहादुर सिंह राठौड़ की साहित्यिक रुचि इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान कर रही है। कार्यशाला में हिंदी साहित्य के कई दिग्गज रचनाकार शिरकत करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में सत्यनारायण, विनोद भारद्वाज, डॉ. विनय कुमार, संजीव पालिवाल, यतींद्र मिश्र, गीत चतुर्वेदी, प्रभात रंजन, जयप्रकाश पांडे, पंकज सुबीर सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। इसके अलावा चित्रकार अखिलेश, कथक नृत्यांगना रचना यादव, लेखिका दिव्या माथुर, कर्नल गौतम राजऋषि, तसनीम, सुजाता शिवेन, रोहिणी कुमारी, पटकथा लेखक पुनीत शर्मा, पूनम अरोड़ा तथा कनुप्रिया भी सहभागिता करेंगे। विशेष आकर्षण के रूप में रघुनंदन त्रिवेदी की चुनी हुई कहानियों का मंचन किया जाएगा, जिसके लिए जोधपुर से प्रसिद्ध नाटककार अरु व्यास, स्वाति व्यास और तनुज टाक विशेष रूप से आएंगे। आयोजन मंडल में अंशु कुलश्रेष्ठ, कुश वैष्णल, उजला लोहिया और शिप्रा भाटी शामिल हैं। कार्यशाला की संयोजक मनीषा कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 'कथाकहन' का उद्देश्य केवल कहानी सुनना नहीं, बल्कि कहानी कहने की कला को जीवंत बनाए रखना, नई पीढ़ी को प्रेरित करना और साहित्यिक संवाद को बढ़ावा देना है। पिछले पांच वर्षों में यह कार्यशाला हिंदी साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण वार्षिक आयोजन के रूप में स्थापित हो चुकी है।

## कानीवाड़ा बालाजी की महिमा रचित हनुमान चालीसा का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निसं.)** आस्था, भक्ति और संस्कृति के संगम का साक्षी बना जालौर। मंदिर परिसर में 'कानीवाड़ा हनुमान चालीसा' का भव्य विमोचन राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालौर विधायक जोगेश्वर गर्ग के हाथों से मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कानीवाड़ा बालाजी की दिव्य महिमा को जन-जन तक पहुँचाने के एक पवित्र प्रयास के तहत यह आयोजन रहा।
शिक्षाविद संदीप जोशी द्वारा रचित इस हनुमान चालीसा में कुल 40 पदों के माध्यम से कानीवाड़ा बालाजी की अलौकिक शक्ति, कृपा और चमत्कारों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया है। कानीवाड़ा बालाजी मंदिर अपनी अद्भुत आस्था और चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है, जिसकी ख्याति सालासर बालाजी मंदिर की तरह दूर-दूर तक फैल रही है। इसी आस्था को शब्दों में पिरोते हुए यह चालीसा भक्तों के लिए समर्पित की गई है।
विमोचन समारोह में उपस्थित जनसमूह भक्ति भाव से ओत-प्रोत नजर आया। इस अवसर पर श्री कानीवाड़ा मंदिर के पुजारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार, भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्रसिंह सिसोदिया, पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, अधिवक्ता परिषद के अश्विन राजपुरोहित, दशरथसिंह भाटी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तजनों ने कहा कि ऐसे धार्मिक साहित्य न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को सशक्त करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।
कानीवाड़ा हनुमान चालीसा अब भक्तों के लिए आस्था का एक नया माध्यम बनकर उभरेगी, जो उन्हें प्रभु श्री हनुमान की कृपा से जोड़ते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगी।

## आंगनबाड़ी चलो अभियान में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की शिरकत

### 1600 बच्चों को वितरित की पोर्टफोलियो किट

जयपुर टाइम्स




**सांभर लेक (निसं.)**महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बाल विकास परियोजना कार्यालय सांभर लेक के तत्वावधान में दरबार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सांभर में आंगनबाड़ी चलो अभियान, प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के नवीन बच्चों का स्वागत कर उन्हें पोर्टफोलियो किट वितरित की गई, जिसमें पेंटिंग कलर, पानी की बोतल एवं खिलौने शामिल थे। भामाशाहों के सहयोग से सांभर परियोजना के 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 1600 बच्चों को किट वितरित की गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने एक बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा तथा विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही शालापूर्व शिक्षा एवं पोषाहार व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों को समग्र प्रमाण पत्र (ईसीसीई) वितरित किए गए तथा सहयोग करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भामाशाह नागरिक विकास समिति अध्यक्ष अनिल गट्टानी ने सांभर नगरपालिका की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल, उपनिदेशक पार्थवी शर्मा, आरपीएस सपना मौर्य, प्रिया कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जयपुर ग्रामीण का वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखण्ड में पत्रकारिता जगत के लिए गर्व का विषय है कि भगवान श्री गिरिराज धरण के परम भक्त एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज गर्ग (राजस्थान पत्रिका, चाकसू) को जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जयपुर ग्रामीण का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और पत्रकारों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मनोज गर्ग लंबे समय से निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में सामाजिक मुद्दों, जनसमस्याओं और प्रशासनिक लापरवाही को प्रमुखता से उठाकर आमजन की आवाज को बुलंद किया है। उनकी सक्रियता और समर्पण को देखते हुए संगठन द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। चाकसू उपखंड क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मनोज गर्ग का अनुभव और नेतृत्व क्षमता संगठन को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी। पत्रकार साथियों ने आशा जताई कि उनके मार्गदर्शन में पत्रकारों के हितों की रक्षा के साथ-साथ पत्रकारिता के मूल्यों को भी मजबूती मिलेगी।

## चौमूं में मेघा अग्रवाल ने 12वीं कॉमर्स में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लहराया परचम



**चौमूं(निसं.)।** चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित टारगेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 12वीं कॉमर्स की छात्रा मेघा अग्रवाल ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अशोक विहार निवासी मेघा अग्रवाल के पिता घनश्याम अग्रवाल व्यापारी हैं और उनकी माता अरुणा अग्रवाल गृहिणी है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

## सफलता का परचमः स्वाति विद्या मंदिर की कनिष्का मीणा ने 12वीं कला वर्ग में हासिल किए 95.80 फीसदी अंक



**जयपुर/दौलतपुरा (निसं.)।**शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके दौलतपुरा स्थित स्वाति विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर सफलता का इतिहास दोहराया है। पिछले 27 वर्षों से उत्कृष्टता का पर्याय बने इस विद्यालय ने इस साल भी बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस वर्ष की सफलता में विद्यालय की मेधावी छात्रा कनिष्का मीणा पुत्री श्री मुकेश कुमार मीणा ने कला वर्ग में 95.80' अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के संस्था प्रधान कमल किशोर शर्मा व विकास स्वामी ने छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कनिष्का की यह सफलता उसकी दिन-रात की कड़ी मेहनत, अटूट लगन और पढ़ाई के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। साथ ही, यह हमारे शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन और शिक्षण पद्धति का भी प्रमाण है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नौरंगपुरा पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. नौरंगपुरा/निविदा/लेखा/2025-26/190 दिनांक 28-3-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत नौरंगपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB03016
TENDER ID - 2026_ PRD_ 549246-1

प्रशासक
ग्राम पंचायत नौरंगपुरा
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नौरंगपुरा
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
01 अप्रेल, 2026


## चोरों के हौसले बुलंद ,ट्रांसफार्मर को बनाया निशाना

### तेतरा स्टैंड के पास लगे ट्रांसफार्मर को उखाड़ कर ले गए चोर



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा कस्बे के निकटवर्ती ग्राम तेतरा में एक सप्ताह में अलग अलग दो जगहों से ही ट्रांसफार्मर चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरों के हौसले काफी बुलंद है जिन्होंने तेतरा गांव से दो ट्रांसफार्मर ओर एक तेतरा स्टैंड के पास लगे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया है। चोर रात्रि को खेत की तारबंदी को तोड़कर तेतरा स्टैंड के पास लगे ट्रांसफार्मर को उखाड़ कर ले गए। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले भी चोरों ने तेतरा गांव से ही दो ट्रांसफार्मर लगाए। एक ही सप्ताह में ट्रांसफार्मर चोरी की दूसरी घटना गंभीर है। किसानों ने चोरी की सूचना विद्युत विभाग को दी है। अभी तक विभाग ने कोई रिपोर्ट थाने में नहीं दी है।

## नाला अवरूद्ध होने से मुख्य सड़क पर जमा गंदा पानी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिला मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने मुख्य सड़क पर सीवरेज का नाला अवरूद्ध होने तथा पाइप लाइन में हो रहे लीकेज से पानी व्यर्थ बह रहा है और बीच सड़क पर जमा हो रहा है। ये समस्या दो दिन से है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ। गंदा पानी सड़क के चारों ओर फैल रहा है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क होने के कारण दिन भर लोगों का आवागमन होता रहता है। प्रशासन ने अभी तक इसकी कोई सुध नहीं ली है।

## पूर्व छात्रा सलोनी का व्याख्याता पद पर चयन होने पर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावा, के प्रांगण में सोमवार को स्कूल की पूर्व छात्रा सलोनी पुत्री जगदीश तिलोटिया गाँव तेतरा का राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्कूल व्याख्याता परीक्षा में गणित विषय में 49वीं रैंक के साथ चयन होने पर विद्यालय निदेशक हरलाल सिंह मोगा ने सलोनी को शॉफा ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह, बुके भेंटकर सम्मानीत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । सलोनी की माता इंदिरा महला व पिता जगदीश तिलोटिया शिक्षक हैं एंव बड़ा भाई नवीन व भाभी डॉ. प्रिया शिशु रोग विशेषज्ञ हैं । कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव सुभाषचंद्र मोगा, मोहर सिंह, महावीर, विजेंद्र, रोहिताश, महेश कुमार, शंकर सिंह, रामावतार, मूलचन्द, नदीम, तयुब अली, अशोक पुनिया, दीनदयाल, शशिकांत, नरेन्द्र, निशा कालेर, अनीता, मंजू, सरोज, निर्मला, मनोज, ज्योति, विकास, महिपाल, संदीप आदि उपस्थित थे 7 अंत में प्रधानाचार्य अशोक मोगा ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## टॉपर्स का किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**बड़ागांव झुन्झुनू(निसं.)** सेठ शिवदत्त राय स्कूल बड़ागांव में ,माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा घोषित कक्षा 12 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया गया । निदेशक महीपाल सिंह महला ने बताया कि छात्रा अंकिता पुत्री ओमप्रकाश व संगीता पुत्री देशराज दोनों ने सयुंक्त रूप से 96 प्रतिशत अंक प्राप्त टॉप किया । भूपेंद्र सैनी 95.40, शिवानी जांगिड़ 94.60 , सिद्धि कवंर 93.80 , गमिका , गौरव व किस्मत तीनो ने 92.80 , गुंजन , लक्की ,अंकिता 92 प्रतिशत दीक्षांत 91.60 अंकुर सैनी 91.40 खुशी 91.20 अंकित महला व अभिषेक सिंह 91 ,प्रीति कवंर व अनन्या शेखावत 90.60 सागर यादव 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा । इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यर्थियों का माल्यर्पण व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । प्रिंसिपल डॉ अंशु सिंह व विद्यालय स्टाफ ने टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया । चैयरमेन इन्द्रकरण अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ को बधाई प्रेषित की ।

# पाटन में प्रशासनिक आदेश के बावजूद अवैध रास्ते पर भारी वाहनों का आवागमन जारी

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निसं.)** कस्बे के निकट ग्राम मीणा की नांगल में खसरा नंबर 315, 325, 993 और 1007 में भारी वाहनों का आवागमन जारी है, जबकि सहायक कलेक्टर एवं तहसीलदार के आदेशों के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।पूर्व में कैलाश चंद बनाम अंकित व बलवन्त बनाम राजेंद्र के मामले (मुकदमा संख्या 5/2025) में सहायक कलेक्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) नीमकाथाना ने 25 मार्च 2025 को स्थगन आदेश जारी कर कुल 6.82 हेक्टेयर क्षेत्रफल में यथा स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद उक्त खसरा नंबरों में से रास्ता बना कर भारी वाहनों का प्रवेश जारी है।तेजी से बढ़ते विवाद के बाद, तहसीलदार पाटन ने 18 फरवरी 2026 को हल्का पटवारी को मौके पर जाकर रिपोर्ट पेश करने और कार्रवाई के निर्देश दिए। लेकिन रिपोर्ट में भी यह उल्लेख है कि ओवरलोड वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है। ग्रामीणों ने बताया स्थगन आदेशों के बावजूद प्रशासन ने न तो रास्ता बंद किया और न ही अवैध रास्ता बनाने वाले मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई की।स्थानीय निवासी और सेवानिवृत्त सूबेदार लालचंद यादव ने बताया कि 'हम लोग अपने अधिकार का प्रयोग करें तो पुलिस प्रशासन हमारे खिलाफ कार्रवाई कर देती है, लेकिन अवैध रूप से निकाले गए रास्ते के कानून के पालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कैलाश एवं बलवंत यादव का कहना है की अवैध रूप से जिस व्यक्ति ने रास्ता बनाया था उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने पाटन थाने गए तो पुलिस प्रशासन ने भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और प्रशासन द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## पुलिस ने दबोची शातिर महिला चोरः असली सोना उड़ाकर रखती थी पीतल की अंगूठी, ज्वैलरी शॉप में ग्राहक बनकर घुसती थी आरोपी शबनम

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** बिसाऊ थाना पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम में भेष बदलकर चोरी करने वाली एक शातिर महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला ने बड़ी चतुराई से असली सोने की अंगूठी पार कर उसकी जगह पीतल की अंगूठी रख दी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज कुछ ही दिनों में आरोपी महिला को सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ से धर दबोचा और चोरी गया माल बरामद कर लिया।

### शातिराना अंदाज में दिया झांसा

20 मार्च 2026 को बिसाऊ निवासी पीड़ित ज्वेलर हरिराम सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि एक महिला बुर्का पहनकर ग्राहक के रूप में उनकी दुकान पर आई थी। जेवर देखने के बहाने महिला ने दुकानदार की नजरें बचाकर बॉक्स में रखी सोने की असली अंगूठी निकाल ली और उसकी जगह हूबहू दिखने वाली पीतल की अंगूठी सेट कर दी। बुर्का पहने होने के कारण उसकी पहचान तुरंत संभव नहीं हो सकी और वह मौका पाकर रफूचक्कर हो गई। थानाधिकारी शेरसिंह के नेतृत्व में टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और संदिग्ध के भागने के रूट का का



विश्लेषण किया। पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद महिला की पहचान शबनम बानो के रूप में हुई।

### लक्ष्मणगढ़ में दी दबिश, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ स्थित कंटया रोड पर दबिश दी। वहाँ से आरोपी शबनम बानो (26) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की अंगूठी भी बरामद कर ली है।

## टीबी मुक्त पंचायत अभियान में जिला प्रदेश स्तर पर सम्मानित पर कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने टीम को दी बधाई

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अवार्ड समारोह में जिले में सर्वाधिक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करवाने के लक्ष्य प्राप्ति पर जिले को मिले सम्मान को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ.अरूण गर्ग ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों, जागरूकता और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान में संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ.छोटेलाल गुर्जर तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.विजय सिंह मांजू ने जिले में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति पर विस्तृत फीडबैक प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत टीबी मरीजों की पहचान, उपचार और निगरानी के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले के 236 हाई रिस्क गांवों में विभाग द्वारा शिविर लगाकर नियमित रूप से सर्वे, स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक संभावित मरीजों की पहचान हो सके। साथ ही, मरीजों को नियमित दवा और पोषण सहायता उपलब्ध कराकर उनके पूर्ण स्वस्थ होने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होनें यह भी कहां कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के निर्देश दिऐं।

## बीदासर में होली की रात होटल मालिक की हत्या के मामले में 50-50 हजार के दो मुख्य इनामी शूटर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)** कस्बे में 2 मार्च को होली की रात होटल मालिक मुनीराम मण्डा की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 50-50 हजार रुपये के दो इनामी मुख्य शूटरों को गिरफ्तार कर मंगलवार को सरदारशहर कोर्ट में पेश किया। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी धन्नाराम उर्फ दानाराम जाट निवासी मोमासर को कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। वहीं दूसरे आरोपी अजीत हुड्डा उर्फ टटरू निवासी खिडवाली (रोहतक) को बापर्दा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया ।जहां से न्यायालय ने शिनाख्त परेड के लिए जेल भेज दिया।इस कार्रवाई में बीदासर थाना के कांस्टेबल लीलाधर शर्मा की अहम भूमिका बताई जा रही,पुलिस टीम की सतर्कता और लगातार प्रयासों से यह गिरफ्तारी संभव हो सकी है। पुलिस के अनुसार के अनुसार होली की रात नोखा रोड स्थित एक होटल पर कैम्पर मे सवार होकर आए बदमाशों ने होटल में अंधाधुंध फायरिंग कर दी जिसमें होटल मालिक



मुनीराम मंडा की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए । इस मामले में मास्टरमाइंड हिस्ट्रीशीटर देवीसिंह खेरिया सहित रैकी करने वाले मनोज मेघवाल, लेखराज कडवासरा और सुभाष गोदारा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है । हालांकि, इस हत्याकांड का तीसरा मुख्य शूटर राजुराम नेहरा अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है ,जिसकी तलाश जारी है।मामले मे वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए SIT, AGTF और DST लगातार प्रयास कर रही हैं।पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर मामले का पूरी तरह खुलासा किया जाएगा।

एक अप्रैल से चलेगा मलेरिया क्रश कार्यक्रम,

## सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने 845 टीम बनाकर डेली एंटी लार्वा गतिविधियों के आयोजन के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** मलेरिया-डेंगू की रोकथाम और समय रहते मच्छरों पर नियंत्रण के लिए 1 अप्रैल से 15 मई तक मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण आयोजित होगा। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने सभी स्टॉफ आगामी डेढ़ माह में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश जारी कर टीम को एक्टिव मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार लगातार विक्षोभ के कारण बारिश भी हो रही है जिससे मच्छरों के पैदा होने के लिए अनुकूल स्थितियां बनी हुई हैं अतः अभी से मच्छर रोधी गतिविधियां तेज करनी होगी। इसके लिए उन्होंने 845 टीम बनाई हैं जो डैली फील्ड में उतरकर एंटी लार्वा गतिविधियों सहित आमजन को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की जानकारी देंगी। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने इस संबंध में बनाई हुई एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ कुलदीप फौजदार एवं आरआर टीम को बुधवार से एक्टिव मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने आमजन से अनुरोध किया है कि अपने आपको और परिवार जन को डेंगू मलेरिया जैसे खतरनाक रोगों से बचाव के लिए अपने घरों में मच्छर पैदा ना होने दे। स्वयं एंटी लार्वा गतिविधि कर अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर जिम्मेदार नागरिक बने।

### ऐसे करेंगे मलेरिया और मच्छरों का सफाया

डिप्टी सीएमएचओ डॉ भंवर लाल सर्वा ने बताया कि मलेरिया क्रैश कार्यक्रम के अंतर्गत मच्छर के प्रजनन स्थलो पर सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टी एडल्ट व आईईसी गतिविधिया संपादित की जायेगी। लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से समुदाय को जागरूक कर समय पूर्व समुदाय को मच्छर जनित रोगो से बचाव की जानकारी दी जायेगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से लोगो को मच्छर जनित रोगो से बचाव के बारे अवगत करवाया जायेगा। पॉजिटीव केसो के लिये समयबद्व सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टी एडल्ट व आईईसी गतिविधिया करवायी जानी है। मलेरिया क्रैश कार्यक्रम प्रथम चरण के दौरान बायोलोजिक कन्ट्रोल के तहत हैचरी को क्रियाशील करना व स्थाई जल सोत्रो मे गम्बुशिया डालने जैसी गतिविधियां सुनिश्चित की जाएगी।

## खेत में कटाई का काम करते समय मजदूरों पर घोड़ा मधुमक्खियों का हमला

### आधा दर्जन लोग हुए मधुमक्खियों के हमले में घायल,दो मजदूरों की हालात गंभीर, अस्पताल में करवाया भर्ती

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा कस्बे में झुंझुनू रोड़ पर तेतरा स्टैंड के पास एग्रीकल्चर कॉलेज के नजदीक खेत में चने की कटाई के दौरान मजदूरों पर घोड़ा मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूरों से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग चने की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड सक्रिय हो गया और खेत में कटाई कर रहे मजदूरों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए मजदूर इधर-उधर भागते नजर आए। मधुमक्खियों के हमले में करीब एक सात आठ मजदूरों को मधुमक्खियों ने काट लिया, जिनमें कुछ को अधिक डंक लगने से सूजन और दर्द की शिकायत हुई। डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि तेतरा निवासी निखिल कुमार,सचिन कुमार रघुवीर सिंह ,प्रशांत कुमार, राकेश कुमार का उपचार किया गया है जिनमें दो लोगों की हालात गंभीर थी।

## चौकान में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य खेलकूद महोत्सव

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ में सदाबहार लोक नृत्य विकास समिति के तत्वावधान में आज 1 अप्रैल की शाम चौकान स्थित बालाजी महाराज के सान्निध्य में भव्य खेलकूद महोत्सव आयोजित होगा। प्रतियोगिता संयोजक विमल पारीक ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कुश्ती दंगल, कबड्डी प्रतियोगिता, मलखंभ प्रदर्शन एवं रस्साकशी जैसी रोमांचक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को केसरिया ठंडाई व दूध पिलाया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष कमल व्यास एवं जतिन सोनी ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## आदर्श ग्रुप का बोर्ड परीक्षा परिणामों में दबदबा, आदर्श के विधार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

### विद्यालय परिवार ने किया आदर्श सितारों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर की श्री आदर्श भारतीय विद्यापीठ व श्री आदर्श क्रिएटिव स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा की गुणवत्ता को साबित करते हुए 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। बोर्ड द्वारा जारी कला, विज्ञान, वाणिज्य और कृषि विज्ञान के सभी वर्गों में विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता का परिचय देते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।प्रतिभाओं में अंकिता चौधरी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए टॉप किया है। विज्ञान वर्ग की छात्रा अंकिता चौधरी पुत्री ओमाराम ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। मेरिट सूची में आदर्श ?विद्यालय




के 23 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आदर्श सितारों में अंकिता चौधरी पुत्री ओमाराम 99 प्रतिशत, बलबीर सिंह पुत्र किशन सिंह 97 प्रतिशत, शिवम पींचा पुत्र राजेश कुमार 97 प्रतिशत, मनीषा पारीक पुत्र ब्रह्मचंद 96.80 प्रतिशत, आकृति पुत्री संजय दानोदिया 96.60 प्रतिशत, प्रियांशी शर्मा पुत्री ओमप्रकाश 96.60 प्रतिशत, चित्रा सैनी पुत्री देवेन्द्र कुमार 96.20 प्रतिशत, किशन दास पुत्र भगवान दास 96.20 प्रतिशत, सौरभ पारीक पुत्र हितेश पारीक 96.20 प्रतिशत, शुभम पारीक पुत्र मनोज पारीक 96.20 प्रतिशत, तन्मय लाटा पुत्र दीनदयाल 96.20 प्रतिशत, जन्मेजय पारीक पुत्र अरविन्द 96 प्रतिशत, महेश पुत्र मदन लाल 96 प्रतिशत, बजरंग पुत्र मांगीलाल 95 प्रतिशत, पौरूशी पुत्री वीरेंद्र कुमार 95.80 प्रतिशत, अक्षरा सोनी पुत्री कैलाश सोनी 95.80 प्रतिशत, ममता पुत्री शंकर लाल 95.80 प्रतिशत, कोमल पुत्री गोगराज 95.60 प्रतिशत, खुशी सैनी पुत्री मनोज कुमार 95.40 प्रतिशत, दीपाशा शर्मा पुत्री संदीप शर्मा 95.40 प्रतिशत, अनु पारीक पुत्री कन्हैया लाल 95.20 प्रतिशत, अंजना दर्जी पुत्री नंदकिशोर 95 प्रतिशत, कल्पना पारीक पुत्री हनुमान पारीक 95 प्रतिशत और इसी क्रम में 95 प्रतिशत से ऊपर 23 विद्यार्थी, 90 प्रतिशत से ऊपर 86 विद्यार्थी, 85 प्रतिशत से ऊपर 145 विधार्थी, 80 प्रतिशत से ऊपर 221 विधार्थी आने पर ?प्रबंधन और शिक्षकों ने बधाईयां दी। इस स्वर्णिम सफलता पर निदेशक गिरीश लाटा, प्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा और श्री आदर्श क्रिएटिव के प्रधानाचार्य पीके पांडिया ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाईयां दी। ?निदेशक गिरीश लाटा ने बताया कि यह परिणाम विद्यार्थियों के अनुशासन और हमारे अनुभवी शिक्षकों की टीम की निरंतर मेहनत का फल है। आदर्श हमेशा से ही केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि उत्कृष्टता के लिए समर्पित रहा है। जैसे ही परिणाम घोषित हुए विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया। सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने भी आदर्श' संस्थान की इस उपलब्धि को शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरणा बताया है।सचिव राधा लाटा ने आदर्श प्रतिभाओं को इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई देते हुए आदर्श टेस्ट सीरीज, आदर्श महासंग्राम, स्टॉफ की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का विद्यालय प्रशासन के प्रति सकारात्मक सहयोग तथा विद्यार्थियों के नियमित अध्ययन को इस सफलता का श्रेय दिया गया। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने आदर्श को शहर का गौरव बताया। कार्यक्रम में अभिमन्यु लाटा, डॉ मनीषा वर्मा, कृष्णा शर्मा, प्रमोद कुमार पांडिया, सुशील गोस्वामी, मुकेश सुथार, महेश छिम्पा, शिवरतन पारीक, राधा सारस्वत, हेमलता महर्षि सहित आदर्श टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कपिल सारस्वत ने किया।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।